रोहतक
मंगलवार, 27 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 116
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 37.9
न्यून. 21.8

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,176.45 | 455.37 ▲ |
| निफ्टी | 25,001.15 | 148.00 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 99,300 /- | 550/- ▲ |
| चांदी | 1,00,370/- | 1170/- ▲ |


(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.10 | 35 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 64.89/ बैरल | 0.17% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना
हरियाणा
माह : मई
दिनांक : 27 मई 2025

### आईपीएल में आज



लखनऊ
V/S
बेंगलुरू
- : समय : -
7.30 PM
- : स्थान : -
लखनऊ

## खबर संक्षेप

### फ्रांस के राष्ट्रपति को पत्नी ने मुंह पकड़कर धकेला!

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो वियतनाम के दौरे पर हैं। सोमवार को वियतनाम पहुंचे। मैंक्रो ब्रिगिट प्लेन से उतरने की तैयारी कर रहे होते हैं, तभी दरवाजा खुलने के वक्त फर्स्ट लेडी उनके चेहरे को धकेलती हुई दिखाई दे रही हैं। इसे पति पत्नी के बीच विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि राष्ट्रपति के कार्यालय से बयान जारी कर कहा गया कि कोई विवाद जैसी बात नहीं बल्कि ये हंसी-मजाक कर रहे थे। एजेंसी

*सुप्रीम कोर्ट के निर्देश कैडर अधिकारियों का मनोबल बढ़ाएं*

# सीएपीएफ को संगठित समूह-ए सेवाओं के सभी लाभ लेने का हक, आईपीएस की प्रतिनियुक्ति में धीरे-धीरे कमी लाएं

**भाषा ▶▶ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक ऐतिहासिक आदेश में निर्देश दिया है कि केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) को संगठित समूह-ए सेवाओं (ओजीएएस) के सभी लाभ प्राप्त करने का अधिकार है। ऐसे में सीएपीएफ में आईपीएस की प्रतिनियुक्ति में धीरे-धीरे कमी लाई जाए और सीएपीएफ को ओजीएएस का हिस्सा माना जाए।न केवल गैर-कार्यात्मक वित्तीय उन्नयन (एनएफएफय) प्रदान करने के उद्देश्य से, बल्कि कैडर समीक्षा सहित सभी कैडर-संबंधी मामलों के लिए भी। शीर्ष अदालत ने कहा कि महानिरीक्षक स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति दो वर्षों में 'उत्तरोत्तर' की जानी चाहिए, ताकि कैडर अधिकारियों को अधिक अवसर मिल सकें।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 23 मई को आदेश सुनाते हुए कहा कि सीएपीएफ में कैडर अधिकारियों की पदोन्नति में विलंब से मनोबल पर 'प्रतिकूल' प्रभाव पड़ सकता है।

- *आईपीएस की प्रतिनियुक्ति दो वर्षों में उत्तरोत्तर की जानी चाहिए*
- *इससे कैडर अधिकारियों को अधिक अवसर मिलेंगे*
- *सीएपीएफ में कैडर अधिकारियों की पदोन्नत्ति में मिलता है मनोबल*



### पदोन्नति बाधित

याचिकाकर्ताओं के अनुसार, आईपीएस अधिकारी वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (महानिरीक्षक रैंक) तक के पदों पर आसीन हैं, इसलिए उनकी पदोन्नति की संभावनाएं 'बाधित' हो रही हैं, जिससे परिणामस्वरूप सेवा पदानुक्रम में ठहराव आ रहा है।

### याचिका में यह मांग

याचिकाकर्ताओं, जिनमें शुरू में इन बलों के 18,000 अधिकारी शामिल थे, ने 2009 में आवेदन दायर कर गृह मंत्रालय से उनमें से प्रत्येक को संगठित समूह ए सेवा (ओजीएएस) के रूप में मानते हुए कैडर समीक्षा की मांग की थी, ताकि समय पर पदोन्नति में देरी से संबंधित उनके मुद्दे का समाधान किया जा सके। न्यायालय ने कहा कि यह 'पूरी तरह से स्पष्ट' है कि सीएपीएफ को कैडर मुद्दों और अन्य सभी संबंधित मामलों के लिए ओजीएएस के रूप में माना गया है। जब सीएपीएफ को ओजीएएस घोषित किया गया है, तो ओजीएएस को उपलब्ध सभी लाभ स्वाभाविक रूप से सीएपीएफ को मिलने चाहिए, यह नहीं हो सकता कि उन्हें एक लाभ दिया जाए और दूसरे से वंचित रखा जाए।

### कई शिकायत याचिकाओं का निपटारा किया

इन संगठनों के अफसरों द्वारा दायर कई शिकायत याचिकाओं का निपटारा करते हुए पीठ ने कहा, सीएपीएफ की बहुप्रतीक्षित कैडर समीक्षा 6 माह में की जानी चाहिए, जिस पर शीर्ष कोर्ट ने 2020 में रोक लगा दी थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी व एसएसबी को विभिन्न प्रकार के कानून-व्यवस्था संबंधी कर्तव्यों, सीमा सुरक्षा जैसे आंतरिक सुरक्षा कार्यों, आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने तथा चुनाव कराने के लिए तैनात किया जाता है।

### अभी यह स्थिति

वर्तमान में, इन बलों में महानिरीक्षक स्तर पर 50 प्रतिशत पद आईपीएस अधिकारियों के लिए आरक्षित हैं, जबकि उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) स्तर के लगभग 15 प्रतिशत पद सेना (5 प्रतिशत) के अलावा अखिल भारतीय सेवा से प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अधिकारियों के लिए रखे गए हैं।

### यह कहा गृहमंत्रालय ने

गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ कैडर अधिकारियों की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि आईपीएस अधिकारी पदानुक्रम का एक 'महत्वपूर्ण' हिस्सा हैं। चूंकि ये बल विभिन्न राज्यों में तैनात हैं, इसलिए आईपीएस अधिकारी सीएपीएफ के प्रभावी संचालन के लिए 'आवश्यक' हैं, जिससे संबंधित राज्य सरकारों और उनके संबंधित पुलिस बलों के साथ सहयोग की सुविधा मिलती है, जिससे संघीय ढांचे को संरक्षित किया जा सकता है।

## एनआईए की कार्रवाई, पीआईओ को भेज रहा था संवेदनशील जानकारी

*सीआरपीएफ ने आरोपित को बर्खास्त किया कोर्ट ने 6 दिन की हिरासत में भेजा*


# पाक के लिए जासूसी में सीआरपीएफ का जवान मोतीराम दिल्ली से पकड़ा

**भाषा/एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिरकण (एनआईए) ने पाकिस्तानी के लिए जासूसी करने के आरोप में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान मोती राम जाट को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि आरोपित मोती राम जाट जासूसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल था और 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों (पीआईओ) को पहुंचा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक मोती राम को (इस काम के लिए) विभिन्न माध्यमों से पीआईओ से पैसे मिल रहे थे। एनआईए ने मोती राम को दिल्ली से गिरफ्तार किया और उससे पूछताछ कर रही है। इस बीच, सीआरपीएफ ने कहा कि उसने उसे बर्खास्त कर दिया है।

### एनआईए कर रही जांच

सीआरपीएफ के एक बयान के अनुसार, केंद्रीय एजेंसियों के साथ तालमेल में सीआरपीएफ द्वारा जब जाट की सोशल मीडिया गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी गई तब वह जांच के दायरे में आया। निगरानी के दौरान पाया गया कि उसने 'स्थापित मानदंडों और प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए काम किया है।' उसे आगे की जांच के लिए एनआईए के हवाले कर दिया गया है। 'इसके साथ ही, सीआरपीएफ नियमों के साथ संविधान के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत इस व्यक्ति को 21 मई से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।' मोतीराम को यहां विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे छह जून तक के लिए हिरासत में भेज दिया है।



### 24 को गुजरात से पकड़ा गया था गोहिल

बता दें कि 24 मई को गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक शख्स सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया था। गोहिल बीएसएफ-नेवी की मौजूदा आर्मी यूनिट्स की फोटो-वीडियो व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तानी एजेंट को भेजा करता था। सहदेव कच्छ के लखपत तालुका में स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर नौकरी कर रहा था। इससे पहले 15 मई को हरियाणा के हिसार से यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## हिसार की यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन के लिए जेल भेजा

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को चार दिन के पुलिस रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद सोमवार को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस ने ज्योति को कोर्ट पेश किया। न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन कॉलोनी निवासी यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पुलिस ने 16 मई को सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया था। वह उन 12 लोगों में शामिल थी जिन्हें जासूसी के संदेह में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया था।



पाकिस्तान यात्रा का एक और वीडियो सामने आया

### डिजिटल डिवाइसेस से 12 टीबी का डेटा रिकवर

ज्योति के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से 12 टेराबाइट (टीबी) डेटा रिकवर किया है। पहले डिजिटल सबूतों की गहराई से जांच करेगी। पुलिस ने ज्योति के पास से 1 लैपटॉप और 3 मोबाइल फोन जब्त किए थे।

### 4 पीआईओ से संपर्क

रिपोर्ट के मुताबिक ज्योति 4 पाक खुफिया अधिकारियों (पीओआई) के संपर्क में थी और उनके बारे में उसे पूरी जानकारी थी। ज्योति किसी ग्रुप चैट में नहीं, बल्कि केवल वन-ऑन-वन बातचीत में शामिल थी। वहीं एसपी शशांक सावन ने कहा कि ज्योति से मिले डेटा को चेक करने में समय लगता है। डेटा चेक किया जा रहा है। ज्योति को जानकारी थी कि उसका माइंडवॉश किया जा रहा है

# हिसार में 65 सवारियों से भरी रोडवेज बस पलटी छात्र की मौत, कई घायल

**बरवाला/हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** हिसार के राजली गांव में रेलवे फाटक के पास रोडवेज की बस पलटने से एक छात्र खुशी मोहम्मद (20) की मौत हो गई, 4 छात्राओं समेत लगभग आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि 52 सीटों की क्षमता वाली बस में 65 यात्री सवार थे, जिनमें ज्यादातर स्कूल और कोचिंग सेंटरों में आने वाले छात्र थे। बताया जा रहा है कि हादसा सोमवार सुबह राजली रेलवे फाटक से कुछ ही दूरी पर हुआ। राजली-बहबलपुर रोड पर आंधी के कारण पेड़ गिरा था। बस चालक ने बस के एक हिस्से को साइड में कच्चे में उतारकर निकालने का प्रयास किया, लेकिन बारिश के कारण जमीन गीली होने से बस का पहिया धंस गया और बस पलट गई। कई यात्री बस के अंदर ही फंस गए। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर यात्रियों को बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया।



सड़क पर पेड़ उखड़खकर पड़ा था, बचाने के लिए कच्चे में टायर उतरा तो पलटी मरने वाला छात्र सीआरपीएफ जवान का इकलौता बेटा था, बस में ज्यादातर कोचिंग सेंटर स्कूल के छात्र मौजूद थे

### कंप्यूटर कोर्स कर रहा था खुशी

हादसे में मरने वाला छात्र राजली गांव का खुशी मोहम्मद था। वह कंप्यूटर का कोर्स कर रहा था। उसके पिता फूलदीन सीआरपीएफ में है और दिल्ली में तैनात हैं। पिता सोमवार सुबह ही ड्यूटी पर गए थे, जबकि उसकी मां रेनू आंगनबाड़ी वर्कर है। बेटे की मौत की सूचना मिलने के बाद पिता वापस लौट आए और विलाप करने लगे।

### ड्राइवर की लापरवाही से हादसा

बस में सवार छात्रों ने बताया कि हादसा चालक की लापरवाही के कारण हुआ। चालक ने पेड़ के पास स्पीड से कट मारा, इस कारण बस पलट गई। रोडवेज की बस नारनौंद से वाया मोठ, लुहारी, डाटा, गुराना, राजली गांव होकर हिसार आती है। घटना के बाद रोडवेज अधिकारी व पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

*जूनियर विश्व कप*

### तेजस्वनी ने 25 मीटर महिला पिस्टल में जीता गोल्ड



**सुहल (जर्मनी)।** भारतीय निशानेबाज तेजस्वनी ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में देश का दबदबा जारी रखते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तेजस्वनी ने आठ महिलाओं के फाइनल में पांच शॉट लगाकर कुल 31 अंक बनाए। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट के तौर पर भाग ले रही बेलारूस की एलिना नेस्टियारोविच ने 29 के साथ रजत पदक जीता जबकि हंगरी की मिरियम जाको ने 23 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया। तेजस्वनी इससे पहले क्वालिफिकेशन चरण में 575 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही थी। भाषा

### झारखंड में 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में नक्सली मारा गया। उस पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान एक अन्य माओवादी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच सोमवार तड़के नेतरहाट थाना क्षेत्र में दौना के जंगल में मुठभेड़ हुई। क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया गया है। भाषा

## सिरसा : प्रो. विजय कुमार बने सीडीएलयू के कुलपति

**सिरसा (हरिभूमि न्यूज)।** प्रो. विजय कुमार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा का कुलपति नियुक्त किया है। उल्लेखनीय प्रो. विजय कुमार इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर रेवाड़ी के भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर हैं। राज्यपाल ने सोमवार को उनकी नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। प्रोफेसर विजय कुमार ने एनआईटी, कुरुक्षेत्र से भौतिकी में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से एम.एससी. (भौतिकी) एवं पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी से बी.टेक. हैं।



इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी रेवाड़ी में भौतिक विज्ञान के हैं प्रोफेसर

## आरबीआई ने केंद्र को दिया 2.7 लाख करोड़ लाभांश

**मुंबई (भाषा)।** अमेरिकी डॉलर की बिक्री और प्रतिभूतियों से हुई ब्याज आय की वजह से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने केंद्र सरकार को रिकॉर्ड 2.7 लाख करोड़ का वार्षिक लाभांश देने की घोषणा की है। विश्लेषकों ने सोमवार को यह बात कही। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा की। इससे सरकार को अमेरिकी शुल्क और पाकिस्तान के साथ संघर्ष के कारण रक्षा पर खर्च में वृद्धि से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 616वीं बैठक में लाभांश भुगतान पर निर्णय लिया गया।

■ डॉलर बिक्री से लाभ, ब्याज से हुई आय

### केंद्र, हरियाणा और बीबीएमबी ने हाईकोर्ट में रखा अपना पक्ष

*चीफ जस्टिस नागू की अध्यक्षता वाली खंडपीठ कर रही सुनवाई*

# जल विवाद पर फैसला सुरक्षित केंद्र ने किया पंजाब का विरोध

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़**

भाखड़ा जल विवाद को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र, हरियाणा सरकार व भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) ने पंजाब सरकार के उस आवेदन का विरोध किया, जिसमें न्यायालय के 6 मई के आदेश को वापस लेने की मांग की गई थी, जिसने बांध से हरियाणा को अतिरिक्त पानी छोड़ने का रास्ता साफ कर दिया था। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस सुमीत गोयल की खंडपीठ ने पक्षों की विस्तृत सुनवाई के बाद आदेश को सुरक्षित रख लिया।



### केंद्र ने गुरु गोबिंद सिंह के जीवन का हवाला दिया

केंद्र सरकार की ओर से गुरु गोबिंद सिंह के जीवन से एक घटना का हवाला देते हुए कहा कि सिख नेता ने भाई कन्हैया नामक व्यक्ति को युद्ध के मैदान में उनके कार्यों के बारे में शिकायत की व्याख्या करने के लिए बुलाया था। गुरु गोबिंद ने कहा कि ये बहादुर सिख कह रहे हैं कि तुम जाओ और दुश्मनों को पानी पिलाओ और वे फिर से उनसे लडने के लिए तैयार हो जाएंगे। भाई कन्हैया ने उत्तर दिया कि हां गुरु जी, वे जो कहते हैं वह सत्य है। लेकिन महाराज, मैंने युद्ध के मैदान में कोई मुगल या सिख नहीं देखा। मैंने तो केवल मनुष्य ही देखे। गुरु जी इस उत्तर से बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने भाई कन्हैया जी को औषधीय बाम भी दिया और कहा अब से, आपको यह बाम उन सभी के घावों पर लगाना चाहिए जिन्हें इसकी आवश्यकता है।

### पंजाब निर्देश नहीं मान रहा

केंद्र सरकार ने कहा कि पंजाब न्यायालय के निर्देशों का पालन नहीं करना चाहता है, इसीलिए वे आदेश को वापस लेने पर मजबूर हुए हैं, पंजाब ने कहा है कि उन्हें संस्थागत रूप से धमकाया गया है, जबकि पंजाब, हरियाणा, केंद्र को धमका रहा है। सभी पक्षों को रिकॉर्ड पर लेने के बाद खंडपीठ ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया।

*भारी बारिश से अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भरा लोकल ट्रेनें भी प्रभावित, हजारों लोग फंसे*

# मुंबई में 75 साल में पहली बार 16 दिन पहले पहुंचा मानसून

**भाषा ▶▶ नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अपनी सामान्य तारीख से 16 दिन पहले मुंबई पहुंच गया। और 1950 के बाद से पहली बार इसका इतनी जल्दी आगमन हुआ है। मानसून ने शनिवार को केरल में दस्तक दी, जो 2009 के बाद से भारत की मुख्य भूमि पर इतनी जल्दी इसका पहली बार आगमन है। उस साल यह 23 मई को इस राज्य में पहुंचा था। मुंबई में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। हाल ही में शुरू हुए वर्ली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया।



● पुणे में बादल फटा, घरों में पानी भरा

### कई उड़ानें प्रभावित

घने बादलों की वजह से विजिबिलिटी लो है। इस वजह से 8 फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। सड़कों पर भी लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। बारिश के साथ मुंबई में 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चली, जिससे कई इलाकों में पेड़ गिर गए हैं। बारिश के बाद कई जगह 7-8 किमी लंबा जाम लगा हुआ है।

### पुणे में भी भारी बारिश

पुणे में भी तेज बारिश की वजह से नदी-नाले अचानक उफान पर आ गए। पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटने से पुणे के बारामती और इंदापुर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। बारिश के बाद यहां सड़कें पानी में डूब गईं। करीब 200 घरों में पानी भर गया और कई गाड़ियां बह गईं।

**अलग खबर** डिजिटल डेटा ऑनलाइन पहचान के लिए नहीं, बल्कि मौत के बाद विरासत के लिए अहम

*डिजिटल विरासत दो श्रेणियों में डिजिटल संतियां और डिजिटल उपस्थिति*

# अब भौतिक ही नहीं 'डिजिटल विरासत' के लिए भी तैयार करें अपनी वसीयत



**मेलबर्न (भाषा)।** कल्पना कीजिए कि आप अपने किसी प्रियजन की याद में आयोजित कार्यक्रम के लिए संगीत का चयन कर रहे हैं, जिसकी मृत्यु हो गई है, लेकिन आपको उसका पसंदीदा गीत याद नहीं आ रहा। तो आप उसके 'स्पॉटीफाई' अकाउंट में 'लॉग इन' करने की कोशिश करते हैं, लेकिन आपको पता चलता है कि आप 'लॉगइन' नहीं कर पा रहे और इसके साथ ही उस व्यक्ति की पसंद, यादों एवं पहचान को दर्शाने वाले उसके पसंदीदा गानों की 'स्पॉटीफाई' पर उपलब्ध सूची भी चली गई। जब विरासत की बात आती है तो हम भौतिक चीजों के बारे में सोचते हैं जैसे पैसा, संपत्ति, निजी सामान, लेकिन हम जीवन में बड़ी मात्रा में जो डिजिटल सामग्री इकट्ठा करते हैं और उसे मौत के बाद पीछे छोड़ जाते हैं, वह भी अब उतनी ही महत्वपूर्ण है। यह 'डिजिटल विरासत' शायद अधिक सार्थक है। इसलिए अब सिर्फ भौतिक ही नहीं, डिजिटल विरासत के लिए भी वसीयत तैयार करनी जरूरी है। डिजिटल डेटा न केवल जीवन में हमारी ऑनलाइन पहचान के लिए, बल्कि मौत के बाद हमारी विरासत के लिए भी अहम है। तो हम इस बारे में उचित योजना कैसे बना सकते हैं कि इसका क्या होगा?

### यह हमारे जीवन की खिड़की

*डिजिटल विरासत हमारे जीवन की एक अहम खिड़की है। इसे आमतौर पर दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है : डिजिटल संपत्तियां और डिजिटल उपस्थिति।*

**डिजिटल संपत्तियां**
इसमें डोमेन नाम, वित्तीय खाते, मुद्रीकृत सोशल मीडिया, ऑनलाइन व्यवसाय, वर्चुअल मुद्राएं, डिजिटल सामग्री और व्यक्तिगत डिजिटल आईपी। इन तक पहुंच पासवर्ड या गोपनीयता कानूनों के तहत प्रतिबंधित होती है।

**डिजिटल उपस्थिति**
इसमें ऐसी सामग्री है जिसका मौद्रिक मूल्य नहीं है, लेकिन व्यक्तिगत महत्व हो सकता है। उदाहरण के लिए, हमारी तस्वीर व वीडियो, सोशल मीडिया प्रोफाइल, ईमेल या 'चैट थ्रेड' और 'क्लाउड' या सोशल मीडिया मंच सेवाओं में संग्रहीत अन्य सामग्री।

### यही डिजिटल पहचान

यह डेटा हमारी प्राथमिकताओं, शौक और दैनिक जीवन की प्रणाली को दर्शाता है। यह सब मौत के बाद डिजिटल जीवन पर हमारी पहचान, गोपनीयता और कॉरपोरेट अधिकार के बारे में व्यावहारिक और नैतिक दोनों तरह के सवाल उठाता है। इस डेटा तक पहुंचने, उसे हटाने या बदलने का अधिकार किसके पास है?

### डिजिटल विरासत संबंधी योजना बनाएं

जैसे हम भौतिक संपत्तियों के लिए वसीयत तैयार करते हैं, वैसे ही हमें अपनी डिजिटल सामग्री के लिए भी योजना बनाने की जरूरत है। स्पष्ट निर्देशों के अभाव में अहम डिजिटल डेटा खो सकता है और हमारे प्रियजन के लिए दुर्गम बन सकता है। डिजिटल विरासत सौंपने के लिए पहले से कदम उठाने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### पंचकूला में योग महोत्सव आज, मुख्यमंत्री पहुंचेंगे

**चंडीगढ़।** आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग के सहयोग से मंगलवार को को भव्य योग महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 का प्रतीक है। पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम योग और स्वास्थ्य पर आधारित होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे, जबकि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव समारोह की अध्यक्षता करेंगी।महोत्सव में सूर्य नमस्कार-2025 चैंपियन का सम्मान समारोह भी होगा, जिसमें हाल ही में सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

### हर गांव में पंचायत भवन बनाना लक्ष्य : पंवार

**चंडीगढ़।** विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सरपंच गांव का जिम्मेदार व्यक्ति होता है। उसे अपनी शक्तियों का सकारात्मक दिशा में व गांव के विकास में प्रयोग करना चाहिए। राज्य सरकार गांवों को मॉडल गांव बनाने के लिए गांव में हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। पंवार सोमवार को जिला पानीपत में खण्ड मडलौडा के सरपंचों व ग्राम सचिवों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गांवों में जल्द पंचायत भवन बनेंगे। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

### शिक्षामंत्री ने विद्यार्थियों से किया संवाद

**चंडीगढ़।** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने सोमवार को गुरु ब्रह्मानंद गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान, नीलोखेड़ी (करनाल) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने संस्थान में शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति व व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। मंत्री ने स्टाफ व छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके सुझाव भी लिए। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा देश का अग्रणी राज्य है, जिसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को सफलतापूर्वक लागू किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

# भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना ऐतिहासिक उपलब्धि : कैप्टन अभिमन्यु

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नीतिगत सुधार, डिजिटल परिवर्तन, बुनियादी ढांचे में निवेश, स्टार्टअप संस्कृति व उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने भारत के चौथी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने पर समस्त भारतवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा है कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज भारत एक नए आत्मविश्वास, नई ऊर्जा और नई दिशा के साथ आगे बढ़ रहा है।

### जब देश एकजुट होकर आगे बढ़ता है, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं



कैप्टन अभिमन्यु ने सभी देशवासियों, विशेषकर युवाओं, किसानों, मजदूरों, उद्यमियों, वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया और आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक उपलब्धि को एक नई शुरुआत मानकर देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल भारत की आर्थिक शक्ति का प्रमाण है, बल्कि यह भारत की वैचारिक, सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक ताकत का भी प्रतीक है। यह दिखाता है कि जब देश एकजुट होकर आगे बढ़ता है, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश विकास के हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है।

### सामूहिक इच्छाशक्ति, मेहनत व राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की कहानी

यह सफलता सिर्फ आंकड़ों की नहीं, बल्कि यह देश की सामूहिक इच्छाशक्ति, मेहनत, दूरदर्शिता और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में जिस प्रकार से नीतिगत सुधार, डिजिटल परिवर्तन, बुनियादी ढांचे में निवेश, स्टार्टअप संस्कृति और उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला है, उसका प्रतिफल आज हमारे सामने है। आज भारत न केवल वैश्विक स्तर पर आर्थिक शक्ति बनकर उभर रहा है, बल्कि वह विकासशील देशों के लिए एक प्रेरणा भी बन गया है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत ने स्थिरता, विश्वास और विकास की दिशा में निरंतर प्रगति की है। भारत की यह तरक्की ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि, लघु और मध्यम उद्योग, युवाओं के स्टार्टअप, महिलाओं की भागीदारी और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों की ताकत से संभव हुई है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि अब हमें रुकना नहीं है, बल्कि इस गति को और तेज करते हुए भारत को तीसरी, फिर दूसरी और अंततः विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित करना है।

## मुख्यमंत्री ने लाडवा के मथाना में गो-चिकित्सालय की आधारशिला रखी

# गोशालाओं को चारे के लिए 270 करोड़ दिए यमुनानगर में जल्द लगेगा बायो गैस संयंत्र



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिंन्ह भेंट करते आयोजक।



कुरुक्षेत्र। गोशाला में गोवंश को गुड़ खिलाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

■ मुख्यमंत्री ने गो-चिकित्सालय के निर्माण के लिए 21 लाख देने का ऐलान किया

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने गो-संवर्धन योजना को लागू किया है। इस योजना के तहत प्रदेश का पहला संयंत्र यमुनानगर में लगाया जाएगा। इस बायोगैस संयंत्र पर 90 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री सोमवार को लाडवा विधानसभा के मथाना गोवंश धाम एवं अनुसंधान केन्द्र में गो-चिकित्सालय का शिलान्यास करने उपरांत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और गो-सेवा भी की। उन्होंने आधुनिक गो-चिकित्सालय के निर्माण के लिए 21 लाख रुपये सहयोग के तौर पर देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मथाना में गोशाला और आधुनिक पशु अस्पताल के निर्माण से बेसहारा गोवंश सड़कों पर नहीं घूमेगा। साथ ही बीमार गौवंश का इलाज भी होगा। इसके साथ ही क्षेत्र के पशुपालकों को भी अपने पशुओं का इलाज करवाने की यहां पर सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गोशालाओं में चारा के लिए 270 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। पिछले वर्ष 608 गौशालाओं में 166 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी। 310 गोशालाओं में शैड के लिए 30 करोड़ रुपये जारी किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में तीन गौ-अभयारण्य का निर्माण करने का फैसला लिया है, इनमें गांव नैन, ढंढूर और पंचकूला को चुना गया है। गोशालाओं में शैड, पानी और चारे की व्यवस्था के लिए सरकार ने 8 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। गौशाला में शैड बनाने के लिए हर गौशाला को 10-10 लाख रुपये देने की घोषणा की थी और अब तक 50 गौशालाओं में शैड का निर्माण पूरा कर लिया गया है। शेष में काम चल रहा है।

### 331 गोशालाओं में सौर ऊर्जा प्लांट लगे, 344 में चल रहा निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि गो माता की सेवा हमारे धर्म और संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। सरकार द्वारा गौ संरक्षण पर लगातार बल दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार आर्थिक और औद्योगिक विकास के साथ-साथ धार्मिक पहचान को भी बरकरार रखने की सोच को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस वित्त वर्ष में एक लाख एकड़ में प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य रखा है। प्राकृतिक खेती के लिए देसी गाय की जरुरत होती है। इसके लिए प्रति देसी गाय खरीदने पर 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पंचायत की गोचरान भूमि को गौशालाओं के लिए दिए जाने का प्रावधान किया है, ताकि बेसहारा गौवंशों के लिए चारा का प्रबंध हो सके। प्रदेश में 331 गौशालाओं में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किये जा चुके हैं। 344 गोशालाओं में शीघ्र ही सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किये जाएंगे। इसके लिए 90 फीसदी सब्सिडी दी जा रही है।

### हिसार व यमुनानगर के लिए अमृत 2.0 योजना के लिए 350 करोड़ रुपये स्वीकृत

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमृत 2.0 योजना के तहत हिसार व यमुनानगर शहरों में सीवरेज योजना के विस्तार, पुराने/क्षतिग्रस्त मेनहॉल की मरम्मत, नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवरेज बिछाने और एसटीपी के निर्माण के लिए 35087.42 लाख रूपये की राशि को स्वीकृति दी। हिसार शहर के लिए 23678.86 लाख रुपये की राशि की गई मंजूर सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हिसार शहर में सीवरेज योजना के विस्तार करने, विभिन्न कॉलोनियों में 200 एमएम से 1200 एमएम तक की सीवर लाइन उपलब्ध कराने व बिछाने, ईंट सीवर के सीआईपीपी, 2 एसटीपी का निर्माण, 5 आईपीएस का निर्माण, 1 एमपीएस का निर्माण, मैनहोल का निर्माण, मैनहोल स्लैब को ऊपर उठाना, मैनहोल स्लैब को नीचे करना और अमृत 2.0 योजना के तहत हिसार शहर में पुराने/क्षतिग्रस्त मैनहोल की मरम्मत के लिए 23678.86 लाख रुपये की अनुमानित लागत स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि यमुनानगर शहर में विभिन्न 12 नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन उपलब्ध कराने व बिछाने तथा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत यमुनानगर शहर (उप नगरीय क्षेत्र) में नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवरेज बिछाने के लिए 11408.56 लाख रुपये की अनुमानित लागत स्वीकृत की गई है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश शर्मा पुत्र शिव कुमार शर्मा निवासी कन्हैया चौक बैंक कॉलोनी, करनाल बाई पास, जगाद्री यमुना नगर, हरियाणा एवं: एलआईसी बिल्डिंग आसफ अली रोड के पास फुटपाथ, कमला मार्केट, दिल्ली** ने case **FIR No. 152/2023 U/s 21 NDPS Act, थाना हौज़ काजी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **आकाश शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आकाश शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 152/2023 U/s 21 NDPS Act, थाना हौज़ काजी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आकाश शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 01.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री एकता गौबा मान
एलडी. विशेष न्यायाधिश एनडीपीएस
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 11
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6465/CD/2025(Court Matter)

### उद्धरण हेतु सार्वजनिक सूचना

एक वर्ष हेतु प्रशिक्षण मॉड्यूल की छायाप्रति और अन्य प्रशिक्षण सामग्री मदों के लिए जिले में विभिन्न प्रशिक्षणों के लिए सिविल सर्जन, नारनौल के जिला प्रशिक्षण केन्द्र कार्यालय द्वारा मोहरबंद उद्धरण आमंत्रित किए जाते हैं। उद्धरण विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | मदें | राशि |
|---|---|---|
| 1. | छायाप्रति आकार ए4 एक साइड (दर प्रति पेज अनुसार) | |
| 2. | छायाप्रति आकार ए4 दो साइड (दर प्रति पेज अनुसार) | |
| 3. | छायाप्रति आकार एफ/एस एक साइड (दर प्रति पेज अनुसार) | |
| 4. | छायाप्रति आकार एफ/एस दो साइड (दर प्रति पेज अनुसार) | |
| 5. | रंगीन छायाप्रति आकार ए4 एक साइड (दर प्रति पेज अनुसार) | |
| 6. | रंगीन छायाप्रति आकार ए4 दो साइड (दर प्रति पेज अनुसार) | |
| 7. | रंगीन छायाप्रति आकार एफ/एस एक साइड (दर प्रति पेज अनुसार) | |
| 8. | छायाप्रति आकार एफ/एस दो साइड (दर प्रति पेज अनुसार) | |
| 9. | स्पाइरल बाइंडिंग (01 से 100 पृष्ठ तक) | |
| 10. | स्पाइरल बाइंडिंग (101 से 200 पृष्ठ तक) | |
| 11. | स्पाइरल बाइंडिंग (201 से लेकर उससे अधिक पृष्ठों तक) | |

उद्धरण 04.06.2025 को अप. 2.00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे और उसी दिन सिविल सर्जन नारनौल के कार्यालय में खोले जाएंगे। फर्म को जीएसटी पंजीकृत अवश्य होना चाहिए (यदि नहीं है - कृपया एक न्यायालय नोटरी प्रमाणित शपथ-पत्र दें कि फर्म का वर्ष आधारित बिजनेस टर्नओवर 40 लाख से कम है। उद्धरणों की स्वीकृति और निरस्तीकरण हेतु सभी अधिकार सिविल सर्जन, नारनौल के पास आरक्षित हैं।

हस्ता/- सिविल सर्जन,
नारनौल

पीआरडीएच-1058/11/1057/2026/35115/88/6 दि. 26.05.25


## मुख्य सूचना आयुक्त एवं राज्य सूचना आयुक्तों ने ली शपथ

■ राज्यपाल ने दिलवाई शपथ, मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री मौजूद रहे

**चंडीगढ़।** प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को राजभवन में आयोजित गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह में हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव और नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त टीवीएसएन प्रसाद (आईएएस सेवानिवृत्त) को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई। साथ ही, चार नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों- अमरजीत सिंह (एचसीएस सेवानिवृत्त), कर्मवीर सैनी, नीता खेड़ा और संजय मदान को भी पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की भूमिका को लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने नवनियुक्त आयुक्तों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे निष्पक्षता, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, ताकि सूचना के अधिकार को और सशक्त किया जा सके। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कृषि मंत्री श्याम राणा, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।











### हरियाणा कौशल रोजगार निगम से लगे शिक्षकों का कार्यकाल 30 जून तक बढ़ा

**पंचकूला।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने एक आदेश जारी करते हुए यह निर्देश दिए हैं कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नियुक्त आरोही मॉडल स्कूलों में कार्यरत पीजीटी और टीजीटी शिक्षकों का कार्यकाल आगामी 30 जून तक बढ़ा दिया है। इससे पहले इन शिक्षकों का अनुबंध 31 मार्च को समाप्त हो चुका था।यह निर्णय हरियाणा सरकार, विशेष रूप से मुख्यमंत्री नायब सैनी और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के दूरदर्शी नेतृत्व में लिया गया है, जो शिक्षा के क्षेत्र में स्थायित्व, गुणवत्ता और शिक्षक हितों को प्राथमिकता देने की नीति पर आधारित है। सरकार ने पुनः यह प्रमाणित किया है कि वह शिक्षकों के कल्याण और विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर प्रतिबद्ध है। कॉन्ट्रैक्चुअल पर्सन्स पॉलिसी 2022" के तहत कार्यरत शिक्षकों के लिए यह आदेश एक राहतपूर्ण कदम है, जो ना केवल उनकी सेवा की निरंतरता सुनिश्चित करता है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को भी बनाए रखता है।


### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

#### स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 06 जून 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962007257 | महा वीर |
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362004935 | विकाश विकाश |
| शाखा का नाम : अम्बाला - अनाज मण्डी | |
| 432962000560 | अमरीक सिंह |
| शाखा का नाम : बाबियां | |
| 215362002419 | पालो देवी |
| शाखा का नाम : भुना | |
| 383262002147 | राहुल राहुल |
| शाखा का नाम : ऐलनाबाद, हरियाणा | |
| 359462003239 | अनिल कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सेक्टर-7, बल्लभगढ़ | |
| 107905003259 | गौरव मल्होत्रा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - गोल्ड सौक | |
| 245062001407 | कपिल देव मिश्रा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सैक्टर-86 | |
| 489562000027 | अनु अरोड़ा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - स्पेज पलाजो सेक्टर-69 | |
| 244662001355 | बॉड्डी प्रशांथ कुमार |
| 244662001359 | अशफाक खान |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव - बादशाहपुर | |
| 085862002046 | दीपक कौशिक |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - डीएलएफ | |
| 017705013909 | हरबीन घई |
| 017762013967 | हरबीन घई |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-15 | |
| 103162005598 | चेतन कुमार जैन |
| शाखा का नाम : हांसी | |
| 184462004741 | सत्यवान सत्यवान |
| 184462004750 | महेन्द्र महेन्द |
| शाखा का नाम : हिसार | |
| 017205008503 | राकेश सेठी |
| शाखा का नाम : जाखल, हरियाणा | |
| 356562000280 | सर्वजीत सर्वजीत |
| शाखा का नाम : जीन्द | |
| 050362004184 | दलबीर सिंह |
| शाखा का नाम : करनाल | |
| 017362006751 | नवीन कुमार |
| शाखा का नाम : कुण्डली - सैक्टर-62 | |
| 373462000696 | शिब्बु कुमारी |
| 373462000697 | शिब्बु कुमारी |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562001665 | प्रवीन कुमार |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862007005 | धन्ना राम |
| शाखा का नाम : मानेसर | |
| 661805601364 | दिनेश शर्मा |
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062002606 | मि. गोविन्द |
| शाखा का नाम : पेहोवा | |
| 073062005391 | जसविन्दर सिंह |
| शाखा का नाम : रादौर | |
| 397662001044 | प्रिंस कुमार |
| 397662001106 | प्रिंस कुमार |
| 397662001448 | सूरजीत Xx |
| शाखा का नाम : रोहतक | |
| 016862006039 | रिशव मन्हास |
| शाखा का नाम : सांपला | |
| 073262003186 | अमित अमित |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073162004253 | योगेश कुमार |
| शाखा का नाम : सोनीपत | |
| 030262003705 | संजय |
| शाखा का नाम : तोशाम | |
| 419062000763 | राजेश राजेश |
| शाखा का नाम : चण्डीगढ़ - औद्योगिक क्षेत्र फेज-II | |
| 484562000068 | सुनील कुमार |
| शाखा का नाम : दिल्ली - द्वारका सेक्टर-3 | |
| 539305000037 | कुलभूषण सूद |

दिनांक : 27.05.2025
स्थान : गुरुग्राम, हिसार, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, फतेहाबाद, फरीदाबाद, यमुनानगर, जीन्द, अम्बाला, कुरुक्षेत्र, भिवानी, महेन्द्रगढ़

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


### अमर्यादित बयानबाजी पर तुरंत संज्ञान ले महिला आयोग : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि भाजपा नेता लगातार मर्यादाओं को लांघ रहे हैं। पहले मध्यप्रदेश के मंत्री और उपमुख्यमंत्री ने सेना के विरुद्ध गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया। और अब हरियाणा के बीजेपी सांसद ने आतंकी हमले के शिकार और शहीदों के विरुद्ध बेहद ही निम्न स्तर की टिप्पणी करी। महिला आयोग को तुरंत इसका संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए और इससे पहले खुद बीजेपी को भी ऐसे नेताओं के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए। भूपेंद्र हुड्डा सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के साथ पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस को सरकार में शामिल होने का न्योता देने वाले बयान पर हुड्डा ने जवाब दिया। उन्होंने कहा की बयान भाजपा के 11 साल के कार्यकाल की नाकामी जाहिर करता है।



### एनएच-9 के दोनों ओर की भूमि को डि-नोटिफाई करे सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि सिरसा नगर से होकर गुजरने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 9 (एनएच-9) के दोनों ओर की भूमि को, जो वर्तमान में 'नोटिफाइड फॉरेस्ट लैंड' के अंतर्गत दर्ज है, डि-नोटिफाई कर नगर परिषद को सौंपा जाए क्योंकि वन विभाग की वजह से शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। सांसद सैलजा ने शहरी विकास में आ रही एक गंभीर प्रशासनिक बाधा को लेकर केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि सिरसा नगर से होकर गुजरने वाली पुरानी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 9 के दोनों ओर की भूमि को, जो वर्तमान में 'नोटिफाइड फॉरेस्ट लैंड' के अंतर्गत दर्ज है, डि-नोटिफाई कर नप को सौंपा जाए।



### गैंगस्टर कर रहे बुलेट प्रूफ वाहनों का प्रयोग हाईकोर्ट ने जताई चिंता

■ हाईकोर्ट ने पंजाब के साथ-साथ हरियाणा व चंडीगढ़ प्रशासन को पक्षकार बनाया

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कि कैसे एक कथित ए-श्रेणी गैंगस्टर पंजाब में संशोधित बुलेट प्रूफ वाहन का पंजीकरण कराने में सफल रहा, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेश और केंद्र से हलफनामे मांगे हैं। जस्टिस कुलदीप तिवारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए याचिका का दायरा बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को भी पक्षकार बनाया और कहा कि नए पक्षकारों के संबंधित मुख्य सचिव भी अपने-अपने हलफनामे दाखिल करके इस अदालत को सूचित करेंगे कि क्या सुरक्षात्मक उपकरणों, विशेष रूप से बुलेट प्रूफ वाहनों के विनिर्माण, बिक्री और खरीद को विनियमित करने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सुरक्षात्मक उपकरण गलत हाथों में न पड़े।


### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | आरडी 41.00 से 46.00, आरडी 63.70 से 65.45, आरडी 65.45 से 69.50 और आरडी 81.95 से 83.25 (रोड आईडी-5467, 5546 और 5534) तक फतेहाबाद जिले में बुढलाडा -रतिया-फतेहाबाद-भट्टू-भादरा रोड राजस्थान बॉर्डर तक (एसएच-21) किमी. 32.00 से किमी. 97.51 के सेंट्रल वर्ज में पौधारोपण कार्य का विकास। | 23.05.2025 02.06.2025 | 12.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिला (6886) (एसएच) (पुण्डरी निर्वाचन क्षेत्र) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) में कुंजपुरा करनाल कैथल खनौरी रोड (कि.मी. 42.00-54.70) एसएच नं. 8 के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा सड़कों का अपग्रेडेशन। | बंद होने की तिथि 13.06.2025 | 1872.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 3 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में लाडवा निर्वाचन क्षेत्र के तहत रोड आईडी 7890 और 8078 के तहत कि.मी. 27.80 से 55.00 (डीएलपी के तहत आरडी किमी 30.12 से 32.82, 33.22 से 33.72, 33.72 से 34.70, 41.00 से 43.10 और 45.50 से 55.00 को छोड़कर) (एसएच-07) पर करनाल-रम्बा-इंद्री-लाडवा-शाहाबाद से रोड का सुधार। | 23.05.2025 13.06.2025 | 596.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 174429271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सोनीपत | एमएनएसएस राई में स्वीमिंग पूल की विशेष मरम्मत। | 23.05.2025 30.05.2025 | 56.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में माइनिंग एरिया राई निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न सड़कों का हैवी पैच वर्क। | 23.05.2025 30.05.2025 | 16.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | 21.42-गांव लकड़िया, खण्ड बेरी में एनएच 71 से आनंद तक खेत रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | 22.05.2025 28.05.2025 | 35.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | इन्द्री - गांव बियाना में महिला विकास केन्द्र के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन सीएम घोषणा 27579 + 1 कार्य। | 23.05.2025 13.06.2025 | 45.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव कुटैल में कल्याणी चौपाल को पूरा करना + 3 कार्य। | 21.05.2025 09.06.2025 | 33.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज हिसार | राजली, बरवाला, जांगड़ा चौपाल का निर्माण (एमपी)। | 23.05.2025 05.06.2025 | 6.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 10 | जिला परिषद पलवल | खाम्बी से डकोरा तक सम्पर्क सड़क को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (आईडी-774) + 1 कार्य। | 23.05.2025 30.05.2025 | 403 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 prexeengzppwl@gmail.com |
| 11 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | हरियाणा रोडवेज के विभिन्न डिपो में अगले एक वर्ष हेतु ऑयल, लुब्रिकेंट्स, रेडियेटर कूलेंट्स और ग्रीसेज की खरीद के लिए निविदा सूचना। | 03.06.2025 23.06.2025 | 4.85 करोड़ | http://wwwhartrans.gov.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 12 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | हरियाणा रोडवेज के डिपो और सब-डिपो में अगले एक वर्ष हेतु आईबीसी मॉडल के माध्यम से डीजल एग्जॉस्ट फ्ल्यूइड (एक्वेअस यूरिया सोल्यूशन) की खरीद के लिए निविदा सूचना। | 03.06.2025 23.06.2025 | 16.20 करोड़ | http://wwwhartrans.gov.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/240/35113/I/88/6 दि. 26.05.25

## खबर संक्षेप

### रामचंद्र जांगड़ा बेटियों का अपमान कर रहे



**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि आतंकवादियों ने बेटियों का सिंदूर उजाड़ा लेकिन हरियाणा से भाजपा के राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शब्दों से हमारी बेटियों की मर्यादा उजाड़ने का काम किया है। सत्ता में बड़े-बड़े पदों पर बैठे भाजपा के लोग हमारे देश की बेटियों के घाव कुरेदने का काम कर रहे हैं। इसे हम कतई स्वीकार नहीं कर सकते। दीपेन्द्र हुड्डा ने मांग करी कि भाजपा में अगर लेशमात्र भी कोई लज्जा, देशभक्ति का भाव और लोकलज्जा बची हो, तो ऐसे नेताओं पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करे।

### कार की टक्कर से चौकीदार की मौत

**सिरसा।** शहर के हुडा सेक्टर-20 में महिला थाना के समीप बीती देर रात को अज्ञात कार की टक्कर से चौकीदार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार रात को करीब सवा 11 बजे सेक्टर-20 में एक कार ने सेक्टर में चौकीदारी कर रहे राजेंद्र प्रसाद को टककर मार दी। जिससे चौकीदार की मौत हो गई।

### वीजा लगवाने के नाम पर 11 लाख की ठगी

**मुलाना।** गांव मुलाना के कंवलप्रीत सिंह व उनकी माता सुरिंद्र कौर से ऑस्ट्रेलिया का वीजा लगवाने के नाम पर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता कंवलप्रीत सिंह और उसकी माता सुरिन्द्र कौर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय को दी शिकायत में बताया कि आरोपी सागर बावा वासी गांव संभालखा , शिव कुमार, सोनिया, सोनू वासी गांव हंडेसरा, पंजाब , परमजीत कौर वासी गांव छोटी मंडौली जिला रोपड़ पंजाब से कंवलप्रीत सिंह को ऑस्ट्रेलिया वीजा लगवाने के बारे 11 लाख रुपये में बात तय हुई थी ।

### हत्या करने वाले को उम्रकैद व जुर्माने की सजा

**गुरुग्राम।** जिला के पटौदी थाना क्षेत्र के गांव मंदपुरा निवासी एक युवक की जमीनी विवाद की रंजिश में गला घोंटकर हत्या करने के आरोपी को गुरुग्राम के एडिशनल सेशन जज की अदालत ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद व 25 हजार रुपए के आर्थिक दंड की सजा

# बहादुरगढ़: जूते के सोल बनाने वाली फैक्ट्री में आग से भारी नुकसान

## दर्जनभर दमकल गाड़ियों के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

- दमकल विभाग ने ग्राउंड फ्लोर बचाया लेकिन पहले व दूसरे तल पर काफी नुकसान हुआ
- दमकल की गाड़ियों को झज्जर और रोहतक से बुलानी पड़ी



बहादुरगढ़। आग बुझाने का प्रयास करती दमकल टीम।



बहादुरगढ़। फैक्ट्री से निकाले गए केमिकल के ड्रम। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में सोमवार की सुबह भीषण आग लग गई। आग से काफी माल जलकर राख हो गया। मशीनों और बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा है। दर्जनभर गाड़ियों की मदद से दोपहर को आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

आग लगने की यह घटना एमआईई पार्ट-ए स्थित प्लाट नंबर 386 में हुई। दरअसल, दिल्ली के निवासी गुरुप्रीत की यहां कनक प्लास्टिक प्रोडक्ट नाम से फैक्ट्री है। इसमें जूते का सोल बनाया जाता है। सोमवार की सुबह करीब आठ बजे यहां आग लग गई। प्लास्टिक, रेग्जीन, केमिकल आदि ज्वलनशील पदार्थ होने के चलते आग तेजी से फैलती गई। देखते ही देखते पहले और दूसरे तल को आगोश में ले लिया। आग लगी तो कर्मचारी तुरंत बाहर निकले और आग बुझाने की कोशिशें की तथा दमकल विभाग को सूचना दी। नजदीक ही स्थित दमकल विभाग कार्यालय से दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। आग बुरी तरह से भड़की हुई थी।

बहादुरगढ़ की गाड़ियां कम पड़ी तो सोनीपत, रोहतक, झज्जर से भी मदद लेनी पड़ी। लगभग दर्जनभर गाड़ियों के सहारे दमकल कर्मियों ने कई घंटे तक कड़ी मशक्कत की और दोपहर के वक्त आग पर नियंत्रण पाया जा सका। आग के चलते दो मंजिलों पर रखा काफी सामान जल गया। मशीनें और भवन को नुकसान पहुंचा है लेकिन दमकल कर्मियों ने ग्राउंड फ्लोर पर आग नहीं पहुंचने दी। काफी माल को बाहर सुरक्षित भी निकाला गया। आग के चलते दूर-दूर तक आसमान में काला धुआं छा गया। बरसात के चलते आग साथ लगती अन्य फैक्ट्रियों तक नहीं फैल सकी। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। वजह, जो भी हो लेकिन आग से फैक्ट्री मालिक को बेहद नुकसान पहुंचा है।



बहादुरगढ़। आग के चलते भवन से उठता धुआं। फोटोः हरिभूमि

होगा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

# उच्चतर शिक्षा विभाग ने घोषित किए हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय द्वारा वर्ष 2022, 2023 और 2024 के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न और युवा विज्ञान रत्न अवाड्र्स घोषित किये गए हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय के महानिदेशक राजीव रतन ने इस संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार ने अप्रैल में हरियाणा के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर पुरस्कार विजेताओं के नामों को अंतिम रूप दिया है। उन्होंने बताया कि चयन समिति में निदेशालय के प्रशासनिक सचिव और महानिदेशक के अलावा बाहरी विशेषज्ञों के रूप में विभिन्न क्षेत्रों के शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार विजेता शामिल थे। निकट भविष्य में राज्य स्तरीय समारोह में वैज्ञानिकों को इन पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द कुमार और डॉ. राजकुमार को वर्ष 2022 के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की गई है जबकि डॉ. विनीत वशिष्ठ और डॉ. विकास को हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# करनाल में प्रेमिका के घर के आगे खुद को जलाया

- गंभीर रूप से झुलसे युवक को चंडीगढ़ पीजीआई में भर्ती कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने युवती के घर के बाहर आत्मदाह करने की कोशिश की। यह सनसनीखेज मामला उस समय सामने आया जब युवक पेट्रोल की बोतल लेकर सीधा युवती के घर के बाहर पहुंचा और उसका नाम पुकारते हुए खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। गंभीर रूप से झुलसे युवक को चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया।

### प्रेम संबंध और परिवार की रजामंदी न होने से तनाव

युवक की पहचान संदीप (22 वर्ष) पुत्र महेंद्र सिंह निवासी कटा बाग, करनाल के रूप में हुई है। संदीप का एक युवती से प्रेम संबंध था लेकिन युवती के परिजन इस रिश्ते से सहमत नहीं थे।

डिकॉय कस्टमर के जरिए दिया कार्रवाई को अंजाम

# एमटीपी किट बेचते मेडिकल स्टोर संचालक धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किशनगढ़ के एक मेडिकल स्टोर संचालक को मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी किट यानि एमटीपी किट बेचने के आरोप में पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उसके मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है। आरोपी के खिलाफ सदर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को सूचना मिली थी किशनगढ़ में यादव मेडिकल स्टोर चलाने वाला राजपुरा खालसा निवासी बीरसिंह अपने मेडिकल स्टोर पर एमटीपी किट बेचता है। सूचना मिलने के बाद विभाग के पीसीपीएनडीटी के नोडल ऑफिसर डा. सुभाष यादव, सहायक डिप्टी सिविल सर्जन डा. विद्या सागर व गुरुग्राम के ड्रग कंट्रोल ऑफिसर मुकेश कुमार की टीम ने डिकॉय कस्टमर तैयार किया। उसे मेडिकल स्टोर संचालक के पास एमटीपी किट खरीदने के लिए भेज दिया। डिकॉय ने जब स्टोर संचालक से एमटीपी किट की मांग की, तो उसने इसके बदले एक हजार रुपये देने को कहा।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी बीरसिंह।

### स्टोर से दूर ले जाकर दी किट

स्वास्थ्य विभाग की टीम के अनुसार बीरसिंह डिकॉय को राजपुरा के निकट रेलवे के अंडरपास की ओर ले गया। वहां उसने एक हजार रुपये लेकर डिकॉय को एमटीपी किट दे दी। इसके बाद बीरसिंह अपने मेडिकल स्टोर पर पहुंच गया। डिकॉय से इशारा मिलते ही टीम ने स्टोर पर रेड करते हुए बीरसिंह को काबू कर लिया। इसके बाद सदर थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आरोपी के खिलाफ एमटीपी व ईसी एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज कराया है।

सरकार के फरमान के बाद में सख्ती, सेहत विभाग में कंसलटेंट नियुक्ति का मामला

# आधा दर्जन कंसलटेंट रिलीव, एक ने हटने से पहले दे दिया इस्तीफा, बाकी को थमाई चिट्ठी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार प्रदेश स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय पर बतौर कंसलटेंट सेवाएं दे रहे, आधा दर्जन वरिष्ठ चिकित्सकों पर गाज गिर गई है, जिन्हें सोमवार को रिलीव कर दिया गया है। अर्थात अब वे क्लीनिकल काम भी नहीं कर सकेंगे, बताया जा रहा है कि आला अफसरों के बारे में ओपीडी को लेकर भी उनके पास में कामकाज का पूरा फीडबैक था। सोमवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग के आदेश के बाद डीजी हेल्थ के दिशा निर्देशों पर बतौर कंसलटेंट काम कर रहे, डॉक्टर को तुरंत प्रभाव से रिलीव कर उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई है। इन डॉक्टरों में वरिष्ठ डॉक्टर प्रवीण सेठी के साथ-साथ पूर्व डीजी रणदीप पूनिया वह श्रीमती रेखा सिंह व अपराजिता के अलावा रीटा कालरा को तुरंत प्रभाव से सेवा मुक्त कर दिया गया है। खास बात यह है कि अब इन डॉक्टरों की क्लीनिकल सेवाओं का लाभ भी स्वास्थ्य विभाग नहीं लेना चाहता। हालांकि इनमें से कुछ अचानक हुई इस कार्रवाई को लेकर हैरान और परेशान है। अपने लीगल एक्सपर्ट की राय ले रहे हैं, इनमें कुछ अदालत का रुख कर सकते हैं। यहां पर याद दिला दे की रिटायरमेंट के बाद प्रशासनिक काम कर रहे डॉक्टर्स की छुट्टी करने के आदेश हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री और सरकार से मिलने के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव ने डीजी हेल्थ को पत्र भेजा था। इसके बाद में डीजीएचएस हेल्थ में सभी जिलों से ब्योरा मांग लिया था। स्वास्थ्य विभाग में रिटायर हो जाने के बावजूद प्रशासनिक कामकाज में लगे चिकित्सकों को कार्यमुक्त करने का आदेश दिया गया था। विभाग में डॉक्टरों की कमी के कारण कंसलटेंट और क्लीनिकल सेवाओं के लिए इन डॉक्टरों को रखा जाता है। लेकिन कई बार दिशा निर्देशों के बावजूद वरिष्ठ चिकित्सक ओपीडी के स्थान पर प्रशासनिक कामकाज करना ज्यादा पसंद कर रहे थे। अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से आदेशों में रिटायर और प्रशासनिक कामकाज करने वालों को कार्यमुक्त करने के आदेश दिए थे। बताया जा रहा है कि प्रदेश मुख्यालय पर तैनात इस तरह की पोस्टिंग पाकर बैठे चिकित्सकों द्वारा प्रशासनिक कामकाज में दखलअंदाजी की शिकायत पहुंच रहीं थी। अब एसीएस के आदेश के बाद में स्वास्थ्य मुख्यालय पर कई डाक्टरों को पहले तो प्रशासनिक कामकाज से मुक्त कर दिया गया था और अब सेवा मुक्त कर दिया गया है। हालांकि डीजी हेल्थ ने एक माह का नोटिस देने की अनुमति मांगी थी । सोमवार को अचानक बदले हुए घटनाक्रम में प्रदेश मुख्यालय पर सभी को सेवा मुक्त किए जाने की सूचना दे दी गई है। इन डॉक्टरों में एक रेडियोलॉजिस्ट राजीव कपूर ने सेवा मुक्त होने से पहले ही रिजाइन कर दिया।

# हरियाणा पुलिस ने गुमशुदा बच्ची को 20 मिनट में ही परिजनों से मिलवाया



**चंडीगढ़।** हरियाणा डायल 112 की टीम ने एक गुमशुदा बच्ची को केवल 20 मिनट में उसके परिजनों से मिलवा दिया। साथ ही साबित कर दिया कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था की नहीं, बल्कि इंसानियत की भी प्रहरी है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने ईआरवी टीम को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। डीजीपी कपूर ने कहा कि डायल-112 सेवा के तहत औसतन 6 मिनट 51 सेकंड में प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। हजारों जानें, घायल या संकट में फंसे नागरिक, और अब मासूम बच्चे, सभी तक समय पर सहायता पहुंचाना डायल 112 की प्राथमिकता है। पिछले एक वर्ष में इस सेवा के जरिए "69 लाख से अधिक आपात कॉल्स" का जवाब दिया और 'लगभग 19 लाख लोगों' को तत्काल सहायता पहुंचाई गई।

# डेढ़ किलोग्राम अफीम सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** जिला की एंटी नारकोटिक सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान शहर की पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी सिरसा क्षेत्र से एक युवक को एक किलो 526 ग्राम अफीम के साथ काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान शहर की अनाज मंडी से होते हुए पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिरसा की ओर जा रही थी।

इसी दौरान पुलिस पार्टी जब अनाज मंडी सिरसा के पीछे वाली गली के नजदीक पंहुची तो गली में एक युवक अपने हाथ में प्लास्टिक का थैला लिए हुए आता हुआ दिखाई दिया।

यूएस में 26 जून से 6 जुलाई तक वर्ल्ड साइकिलिंग चैंपियनशिप

# भिवानी की बेटी रुचिका सिंह करेगी देश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अमेरिका में आगामी 26 जून से 6 जुलाई तक वर्ल्ड साइकिलिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में कई देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत से देश का प्रतिनिधित्व रुचिका सिंह करेंगी। रुचिका सिंह भिवानी की बेटी है। फिलहाल वे अपनी पढ़ाई गुरुग्राम से पूरी कर रही है। रुचिका के पिता शिक्षा विभाग गुरुग्राम में सहायक शिक्षा अधिकारी के पद पर है और माता मंजू अहलावत हरियाणा पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत है। रुचिका के पिता जगदीश अहलावत ने बताया की रुचिका का साइकिलिंग इवेंट में चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में रुचिका के चयन के बाद रुचिका ने आज जहरगिरी आश्रम के महंत डॉ अशोक गिरी महाराज का आशीर्वाद लिया। रुचिका ने बताया की उनकी यह प्रतियोगिता बर्मिंघम अलबामा में होगी। इसके लिए उनकी पूरी तैयारी है और देश के नाम मेडल लेकर आयेंगी। रुचिका को कुछ दिन पूर्व उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल कोटे में पुलिस विभाग में नियुक्ति प्रदान की है।



भिवानी। परिवार के साथ बेटी रुचिका सिंह।

गांव कोथ कलां के दादा काला पीर मठ का विवाद फिर गरमाया


# दादा काला पीर डेरे के महंत शुक्राई नाथ ने दिया इस्तीफा, महंत जिताई नाथ होंगे मठ के नए महंत

**गांव में भारी पुलिस बल तैनात खुफिया तंत्र के कर्मचारी ले रहे हैं पल-पल की रिपोर्ट**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

पिछले काफी दिनों से गरमाया क्षेत्र के गांव कोथ कलां के दादा काला पीर मठ का विवाद का सोमवार को समाधान निकाल लिया गया। रोहतक में सातों पीरो की मीटिंग के बाद बड़ा फैसला हुआ जिसमें डेरे के महंत शुक्राई नाथ को गद्दी से हटाकर महंत जिताई नाथ को डेरे की गद्दी सौंप दी गई।



ग्रामीण पिछले कई दिनों से मठ के महंत को हटाने के लिए लगातार उनके खिलाफ प्रदर्शन करके विरोध जता रहे थे। ग्रामीणों ने प्रदर्शन के अलावा महंत शुक्राई नाथ योगी को गद्दी से हटाने के लिए ग्रामीण पिछले काफी दिनों से सरकार और प्रशासन की लिखित में शिकायत देकर गुहार लगा रहे थे कि डेरे का कार्यभार प्रशाशन की देख रेख मैं हो। ग्रामीणों ने महंत पर आरोप लगाए थे कि महंत गांव में एक छोटी लड़की के हाथ पर लिखा था कि उसका पिता कंजूस है और डेरे में महंत महिलाओं को नचाने का काम करता है और डेरे की जमीन को कब्जाना चाहता है। गत 20 मई को हजारों ग्रामीणों ने पैदल चलकर सरकार में प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया था। उसके बाद सरकार और प्रशासन हरकत में आया। पिछले दो-तीन दिन से नाथ संप्रदाय के पीरों तक ये मामला पहुंचा तो सोमवार को रोहतक में सातों पीरो की मौजूदगी में महंत शुक्राई नाथ योगी को गद्दी से हटाने का फैसला हुआ और जींद जिले के गांव बड़ौदा मठ के महंत जिताई नाथ को डेरे की कमान सौंपी गई। इस फैसले के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा गांव में भारी पुलिस बल तैनात की गई। डेरे के चारों तरफ पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई ताकि गांव में किसी प्रकार का कोई विवाद ना हो।

### पुलिस अधिकारी रख रहे नजर

डीएसपी राज सिंह लालका व थाना प्रभारी बलवान सिंह पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। और खुफिया तंत्र के कर्मचारी भी पल-पल की रिपोर्ट अधिकारियों को दे रहे हैं। गांव में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना घट जाए।

### सात साल पहले गद्दी पर बैठे थे शुक्राई नाथ

महंत शुक्राई नाथ योगी 14 मार्च 2018 को सातों पीरों की मजूदगी में डेरे की गद्दी पर बैठे थे। उसके बाद शाम को ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया था जिसमें तत्कालीन डीएसपी नरेंद्र सिंह सहित 6 पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे। दूसरा पक्ष गाड़ी पर महंत भजनाई नाथ को बैठना चाहता था। सातों पीरों के सामने महंत भजनाई ने कहा था कि उन्हें गद्दी पर नहीं बैठाया जाता तो शुक्राई नाथ को छोड़कर किसी को बैठा दिया जाए। उसी के बाद से ये विवाद चला आ रहा था।

### 2018 में महंत शुक्राई नाथ को सौंपी गई थी गद्दी

वर्ष 2018 में डेरे की गद्दी महंत शुक्राई नाथ योगी को सौंपी गई थी। कोथ कलां मठ के महंत शुक्राई नाथ पिछले काफी दिनों से विवादों में रहे हैं लेकिन सात साल बाद उन्हें डबल झटका लगा है। एक तरफ अदालत ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया, दूसरी तरफ रोहतक अस्थल बोहर मठ की तरफ से उनको बाबा काला पीर मठ कोथ कलां की गद्दी से हटा दिया गया है।

**बैठक** मत्स्य पालन की समीक्षा बैठक में श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# खारे पानी को अभिशाप की जगह वरदान में बदलें अधिकारी

- झींगा मछली का पालन करने के लिए किसानों को प्रेरित करें
- मत्स्य क्षेत्र में बीज से लेकर बिक्री तक दी जा रही है सब्सिडी : श्याम सिंह राणा
- बजट का एक्शन प्लान बनाकर सही इस्तेमाल करें अधिकारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के कृषि एवं किसान तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मछली के बीज से लेकर उसकी बिक्री करने तक की प्रक्रिया में उत्पादकों को सब्सिडी दी जा रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभाग को अलॉट होने वाले बजट का पूरे वर्ष का एक्शन प्लान बनाएं ताकि मछली पालकों को उनकी सब्सिडी समय पर दी जा सके, साथ ही इससे प्रोजेक्ट निर्धारित अवधि में पूरे होने में मदद मिलेगी। राणा आज यहां मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इस अवसर पर बैठक में मत्स्य पालन विभाग की आयुक्त अमनीत पी. कुमार , निदेशक श्रीपाल राठी, उपनिदेशक संदीप कुमार बेनीवाल समेत विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को खारा पानी में झींगा मछली पालन के लिए प्रेरित करें , क्योंकि झींगा मछली का उत्पादन खारा पानी में होता है। खारे पानी में कृषि की फसलें न होने के कारण किसान खारे पानी को अभी तक अभिशाप मानते आए हैं। अधिकारी किसानों को इस खारे पानी में झींगा मछली के पालन के लिए प्रेरित करेंगे तो यही अभिशाप माना जाने वाला पानी वरदान साबित हो सकता है। निर्देश दिए कि वे कृषि विभाग के साथ मिलकर एक योजना बनाएं जिसमें राज्य के सेमग्रस्त अथवा जलभराव वाले क्षेत्र में तालाब बनाए जाएं जिससे ट्यूबवेल के माध्यम से इन तालाब में नीचे जमीन का खारा पानी निकालकर भरा जाए।

### मत्स्य सम्पदा योजना के तहत जो 60 प्रतिशत दी जा रही सब्सिडी

ट्यूबवेल के आस-पास का क्षेत्र सेममुक्त हो जाएगा और किसानों को झींगा मछली से अच्छी खासी आमदनी भी हो जाएगी। उन्होंने जिला सिरसा , रोहतक , फतेहाबाद और हिसार जिलों में खारे पानी के जलीय कृषि क्लस्टर परियोजना की स्थापना की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि एससी/एसटी तथा महिलाओं को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत जो 60 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है , उससे इनके जीवन स्तर में खास प्रभाव पड़ा है। जलभराव एवं लवणता वाले क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली गतिविधियों, अनुसूचित जाति के परिवारों को मत्स्य के क्षेत्र में दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की।

## पीसी ज्वेलर्स आई मुनाफे में कमाया 94.78 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर्स अधिक बिक्री के दम पर मुनाफे में आ गई है और उसने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में 94.78 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया है। कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 121.64 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। पीसी ज्वेलर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की आय बढ़कर 699.02 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 48.49 करोड़ रुपये थी।

# रिटर्न के लिए आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला ढांचा बनाएगा एसबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- बैंक स्थायी रिटर्न के लिए एक ढांचा विकसित कर रहा

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि बैंक अनुशासित लागत प्रबंधन, कम लागत वाली जमाराशियों और शुल्क आधारित आय के विस्तार के आधार पर स्थायी रिटर्न के लिए एक ऐसा ढांचा विकसित कर रहा है जिसे आसानी से बढ़ाया जा सके।

शेट्टी ने बैंक के शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा, ''चालू खाते और बचत खाते (कासा) में मजबूत वृद्धि, डिजिटल क्रॉस-सेलिंग क्षमताओं और मार्जिन के लिहाज से संवेदनशील परिसंपत्ति आवंटन के साथ हम स्थायी रिटर्न के लिए एक आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला मॉडल तैयार कर रहे हैं।

**बैंक के चेयरमैन शेट्टी ने शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा**

### सबसे आगे की और देखने वाला बैंक बनेगा

चेयरमैन ने वित्त वर्ष 2024-25 की सालाना रिपोर्ट में कहा, ''एक साथ ये रणनीतिक कदम हमें न केवल भारत के सबसे बड़े बैंक के रूप में, बल्कि ग्राहकों और निवेशकों दोनों के लिए दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने के लिए विश्वास, पैमाने और नवाचार को संतुलित करते हुए सबसे आगे की ओर देखने वाले बैंक के रूप में स्थापित करते हैं।''




### बाजार नेतृत्व कायम रखने पर जोर

शेट्टी ने कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक के रूप में एसबीआई का रणनीतिक ध्यान परिचालन दक्षता में सुधार, ग्राहक अनुभव को बढ़ाने, बाजार नेतृत्व कायम रखने, मानव संसाधन क्षमताओं को मजबूत करने, जोखिम-समायोजित वृद्धि का समर्थन करने और लाभप्रदता में सुधार करने पर है।

### परिचालन दक्षता में सुधार पर ध्यान

चेयरमैन ने कहा कि परिचालन दक्षता में सुधार करने के लिए एसबीआई स्वचालन और डेटा-संचालित निर्णय लेने का उपयोग करके प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर रहा है। उन्होंने कहा कि एसबीआई का लक्ष्य खासकर ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में उभरते खंडों के लिए एक सहज और समावेशी अनुभव प्रदान करना है।

### 70,901 रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज

एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में 70,901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है जो वित्त वर्ष 2023-24 के 61,077 करोड़ रुपये से 16 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि बैंक सतत और जोखिम-समायोजित वृद्धि हासिल करने के लिए ऋण क्षमता मूल्यांकन, पोर्टफोलियो निगरानी और प्रारंभिक चेतावनी का पता लगाने के लिए उन्नत विश्लेषण तरीकों का फायदा उठा रहा है।

## ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने जारी की रिपोर्ट

# सेवाओं, रक्षा, रॉयल्टी से राजस्व जोड़ने पर अमेरिका को 40 अरब डॉलर का अधिशेष

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ वस्तु व्यापार में 44.4 अरब डॉलर का घाटा होने के बावजूद अमेरिका शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, वित्तीय गतिविधियों, रॉयल्टी और हथियारों के व्यापार से हासिल राजस्व को जोड़ने पर 35-40 अरब डॉलर के अधिशेष की स्थिति में है।

जीटीआरआई ने एक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिका के पक्ष में कुल व्यापार अधिशेष होने की स्थिति भारत को व्यापार समझौते पर जारी बातचीत में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, घाटा बढ़ने के दावों का कड़ा विरोध करने और निष्पक्ष एवं संतुलित शर्तों की मांग करने की हर वजह देती है।

### भारत को बाजार खोलने के लिए व्यापार अंतर का जिक्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई मौकों पर इस व्यापार अंतर का जिक्र किया है, जिसमें भारत पर व्यापार से अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया गया है। अमेरिका घाटे के आंकड़ों का इस्तेमाल भारत को शुल्क कम करने और अपना बाजार खोलने को मजबूर करने के लिए भी कर रहा है।

**भारत को वस्तु व्यापार में 44.4 अरब डॉलर का घाटा**

### अमेरिका के बीच व्यापार 186 अरब डॉलर रहा

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के लिए उन क्षेत्रों में व्यापक रियायतें देने का कोई कारण नहीं है जिनका व्यापार संतुलन से कोई लेना-देना नहीं है, खासकर जब ये रियायतें भारतीय बाजार से अमेरिका की पहले से ही प्रमुख आय को और बढ़ाएंगी। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 186 अरब डॉलर रहा।




- ट्रंप ने कई मौकों पर इस व्यापार अंतर का जिक्र किया है
- भारत पर व्यापार से अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया गया

### अमेरिका- भारत के साथ बिल्कुल घाटे में नहीं

श्रीवास्तव ने कहा, ''ये भारी कमाई संकीर्ण वस्तु व्यापार के आंकड़ों में नहीं दिखती है। जब आप उन्हें कारक मानते हैं, तो अमेरिका भारत के साथ बिल्कुल भी घाटे की स्थिति में नहीं है। असल में यह 35-40 अरब डॉलर अधिशेष की स्थिति में है।''

### अमेरिका भारत से हर साल 85 अरब डॉलर कमाता है

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''भारत के साथ व्यापार में घाटे की अमेरिकी कहानी भ्रामक और अधूरी है। असलियत यह है कि अमेरिका शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, वित्तीय संचालन, बौद्धिक संपदा रॉयल्टी और हथियारों की बिक्री के माध्यम से भारत से हर साल चुपचाप 80-85 अरब डॉलर कमाता है।''

### अमेरिका- भारत से उच्च शिक्षा के जरिए कमाता है

जीटीआरआई के मुताबिक, अमेरिका के लिए भारत से कमाई का सबसे बड़ा जरिया उच्च शिक्षा क्षेत्र है। अमेरिका में पढ़ने वाले भारतीय छात्र हर साल 25 अरब डॉलर से अधिक खर्च करते हैं, जिसमें से लगभग 15 अरब डॉलर पढ़ाई और 10 अरब डॉलर रहने-खाने पर खर्च होते हैं।

### भारत को अमेरिकी रक्षा उत्पातों के बिक्री से अरबों डॉलर मिलते हैं

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत को अमेरिकी रक्षा उत्पादों की बिक्री से भी अरबों डॉलर मिलते हैं। हालांकि, रक्षा बिक्री के सटीक आंकड़े गोपनीयता के कारण अक्सर सामने नहीं आ पाते हैं। इसके अलावा गूगल, मेटा, अमेजन, एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियां भी भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल बाजार में बिक्री के जरिये सालाना 15-20 अरब डॉलर की कमाई करती हैं।

## रुपया 35 पैसे की बढ़त के साथ 85.10 प्रति डॉलर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशों में डॉलर के कमजोर होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया लगातार दूसरे सत्र में तेजी के साथ 35 पैसे उछलकर 85.10 पर बंद हुआ।

## आईआईएफएल फाइनेंस कश्मीर में शाखाएं खोलेगी

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आईआईएफएल फाइनेंस को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में शाखाएं खोलने और अपनी ऋण सेवाओं का विस्तार करने के लिए आवश्यक नियामकीय मंजूरी मिल गई।

**COURT NOTICE**
**(U/O 5 RULE 20 CPC)**
IN THE COURT OF **Ms. Nisha**
Additional Civil Judge (Senior Division)
Asha Gahlaut wife of Late. Sh. Jai Narain
Vs.
General Public
CNR No. HRRH02-000154-20225
Next Date:-18-08-2025
CIS NO. SUCC/4/2025
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
:- INDIA
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on **18-08-2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/-
Additional Civil Judge (Senior Division)
Dated, this day of 25-04-2025

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule CPC)**
IN THE COURT OF SH. MOHOMMAD SAGEER
Additional Civil Judge (Senior Division)
Mahender Singh S/o Sh. Abhey Ram
Vs.
Narender Singh S/o Late Pt. Sewa Nand
CNR No. HRRH02-000385-2024
Next Date: 14-07-2025
CIS No. EXE/49/024
PUBLICATION ISSUED TO:
Narender Singh S/o Late Pt. Sewa Nand :-
R/o Village- Titoli, Rohtak
In above titled petition the respondent(s) could not be served. It is ordered that the Respondent(s) should appear in person or through counsel on **14.07.2025** of 10.00 A.M.
For more details logon: https://highcourtchd. gov.in/?trs= district_notice &district=Rohtak
Sd/-
Additional Civil Judge (Senior Division)
Dated, this day of 22-05-2025

**उत्तर रेलवे**
**ई–नीलामी सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | UMB-Parkg-10-25 | धुलकोट रेलवे स्टेशन पर दो पहिया वाहन पार्किंग स्थल (कुल क्षेत्रफल 317.0625 वर्ग मीटर) | 30.05.2025 12:00:00 |
| 2 | UMB-Catg-05-25 | मलौट रेलवे स्टेशन के पी.एफ. नं. 1 पर 10' x 6' आकार की छोटी खानपान इकाई (स्टॉल) | 02.06.2025 12:00:00 |
| 3 | UMB-Catg-05-25 | कालका रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 10' x 6' आकार की लघु खानपान इकाई (स्टॉल) | 02.06.2025 12:00:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1535/25

**ठेका / नोटिस** दिनांक : 26.05.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल, यमुनानगर मे **पार्किंग और कैंटीन** का **वित्तिय वर्ष 2025–26 का ठेका** दिया जाना है। जिसके लिए ई-टैंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन टैंडर भरे जाने है। इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित दिनांक से **etenders.hry.nic.in** साईट पर ऑनलाईन टैंडर भर सकते है। टैंडर की नियम व शर्ते साईट पर ही उपलब्ध हैं।
1. पार्किंग टैंडर का दिनांक 01.06.2025 को सुबह 11:00 बजे से दिनांक 15.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे तक रहेगा।
2. कैंटीन टैंडर का दिनांक 02.06.2025 को सुबह 11:00 बजे से दिनांक 16.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे तक रहेगा।
2. डाईट टैंडर का दिनांक 03.06.2025 को सुबह 11:00 बजे से दिनांक 17.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे तक रहेगा।
प्रधान चिकित्सा अधिकारी,
मु0 ला0 जिला नागरिक हस्पताल, यमुना नगर

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शेयर बाजार में रही तेजी सेंसेक्स 455 अंक चढ़ा

**मुंबई।** भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और यूरोपीय संघ पर लगाए गए अमेरिका के 50 प्रतिशत सीमा शुल्क को नौ जुलाई तक टालने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही और सेंसेक्स 455 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 148 अंक की बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक चढ़कर 82,176.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 771.16 अंक चढ़कर 82,492.24 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 148 अंक चढ़कर 25,001.15 अंक पर बंद हुआ। 2024-25 के लिए रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा ने भी बाजारों में सकारात्मक धारणा को बल दिया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''यूरोपीय संघ पर घोषित आक्रामक शुल्क की समयसीमा बढ़ाने पर विचार करने के अमेरिकी निर्णय के साथ डॉलर सूचकांक में गिरावट ने भी स्थानीय शेयर बाजारों में उछाल को गति दी।''

## ऑडी इंडिया की नीरज चोपड़ा के साथ भागीदारी...



**नई दिल्ली।** लक्जरी कार कंपनी ऑडी इंडिया ने भाला फेंक में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ भागीदारी की है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि ऑडी में हम उन लोगों के लिए खड़े हैं जिनके लिए सीमाएं मायने नहीं रखती...नीरज चोपड़ा उस भावना से मेल खाते हैं। ढिल्लों ने कहा कि उनकी एकाग्रता, गति तथा बेजोड़ प्रदर्शन उन्हें ऑडी के लिए उपयुक्त विकल्प बनाता है...। चोपड़ा ने कहा, 'मैं ऑडी परिवार में शामिल होने और एक ऐसे ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हूं जो अपने हर काम में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।'

## राशिफल

**मेष:** मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष:** व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन:** लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क:** कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह:** रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा–क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला:** नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद–विवाद से बचें।

**वृश्चिक:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु:** नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन:** आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## वीआईटी एवं टीएनएमजीआरएमयू में एआई-संचालित स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान पर शोध के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षरित



**नई दिल्ली।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) और तमिलनाडु डॉ. एमजीआर मेडिकल यूनिवर्सिटी (टीएनएमजीआरएमयू) ने स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अनुप्रयोग में सहयोगी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की है। इस पहल को औपचारिक रूप देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें शामिल हैं: शिक्षण में सहयोग, संयुक्त अनुसंधान, सामाजिक रूप से जागरूक उत्पाद डिजाइन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण। वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. जी.वी. सेल्वम और टीएनएमजीआरएमयू के कुलपति डॉ. के. नारायणसामी ने वीआईटी चेन्नई के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. टी. त्यागराजन, चांसलर के सलाहकार डॉ. एस.पी. त्यागराजन और टीएनएमजीआरएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. के. शिवसंगीता की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देने, पीएचडी पर्यवेक्षण, अनुसंधान एवं विकास प्रस्तावों को प्रस्तुत करने, संयुक्त प्रकाशन, नई तकनीकों के विकास और संयुक्त पेटेंट फाइलिंग पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त, यह समझौता नैदानिक सत्यापन प्रक्रियाओं, नैतिक मंजूरी और अन्य सहयोगी गतिविधियों को बढ़ावा देता है जो अनुवादात्मक अनुसंधान और नवाचार का समर्थन करते हैं। इस साझेदारी के माध्यम से वीआईटी एवं टीएनएमजीआरएमयू का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान और सामाजिक प्रभाव के लिए मानक को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है।

## सोना 550 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,170 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 98,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले सप्ताह बुधवार से सोने की कीमतों में 2,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। सोमवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। साथ ही, चांदी की कीमत 1,170 रुपये बढ़कर 1,00,370 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 99,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष-जिंस राहुल कलंत्री ने कहा, ''राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूरोपीय संघ के सामान पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की समयसीमा को नौ जुलाई तक टालने के बाद सुरक्षित-निवेश विकल्प माने जाने वाले सराफा की मांग कमजोर पड़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में गिरावट आई।''

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद जीन्द | रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे के प्रसंस्करण हेतु एजेंसी का चयन। | 09.05.2025 02.06.2025 | 14.81 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9992390006 mcjind2013@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद जीन्द | प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन के लिए एजेंसी का चयन। | 24.05.2025 16.06.2025 | 25.18 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9992390006 mcjind2013@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35092/I/88/6 दि. 26.05.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडी डिवीजन जीन्द | वाटरकोर्स आउटलेट आरडी 229000–आर हांसी ब्रांच का विस्तार + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.06.2025 | ऑनलाइन प्रकाशित एनआईटी में उल्लेखित अनुसार | https://etenders.hry.nic.in | 9991129289 xenjindcad1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35112/I/88/6 दि. 26.05.25

## शब्द पहेली - 5879




**बाएँ से दाएँ**
1.उथल–पुथल, कोलाहल–4
5.अस्पताल–4
8.पक्षाघात–3
9.मिट्टी, धूल–2
11.पुष्प, फूल, सुमन–3
12.बुरे कार्य करनेवाला–4
14.जादू, तंत्र–मंत्र–2
15.सौत, सपत्नी–3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा–2
19.नगर में रहनेवाले–5
22.गणपति, गणेश–5
25.बागवान–2
26.जुदा, पृथक्–3
27.जी, इच्छा–2
28.पहरेदार–4
30.सिसकना–3
31.रहस्य–2
33.सोना, धतूरा–3
35.हृदयगति, स्पंदन–4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री–2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य–2
3.राम–सीता के पुत्र–2,2
4.टालना–2,3
5.स्याही रखने का पात्र–3
6.क्षार–2
7.सुंदरी (उर्दू–4)
10.जबरदस्ती–4
13.होशियार–3
16.पुत्र, बेटा–3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना–2
18.जान, जीवन–2
20.जहर, विष–3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद–2
22.छोटा रास्ता, कूचा–2
23.अपवित्रता (उर्दू–3)
24.पक्षियों का शोर–4
25.मानसिक सोच–5
26.गुनाह, जुर्म–4
28.रखवाली करना–4
29.मुर्गा–3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है–2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म–2

### शब्द पहेली- 5878 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | य | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |








# युवेंटस की चैंपियंस लीग में एंट्री

एजेंसी ▶▶ रोम

मैनुअल लोकाटेली के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से युवेंटस ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई किया।

मौजूदा सत्र में युवेंटस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और इस साल मार्च में जब इगोर ट्यूडर को टीम की जिम्मेदारी (कोच) दी गई तो उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि टीम चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर सके। उन्होंने मुश्किल से ही सही लेकिन अपना लक्ष्य पूरा किया। टीम ने सीरी ए के अंतिम दौर के अपने मैच को जीतकर तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। युवेंटस रोमा से एक अंक आगे रहा। रोमा ने टोरिनो में 2-0 से जीत हासिल करके यूरोपा लीग में जगह बनाई।पहले ही रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया ने दूसरे मिनट में डेनियल फिला के गोल से युवेंटस को सकते में डाल दिया। केनान यिल्डिज और रैंडल कोलो मुआनी के छह मिनट के अंदर किए गए गोल से युवेंटस ने मैच के 31वें मिनट में बढ़त कायम कर ली। मध्यांतर के बाद रीडगेसियानो हैप्स ने वेनेजिया के लिए बराबरी का गोल किया। लोकाटेली ने 73वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर टीम को 3-2 से बढ़त दिला दी जो निर्णायक साबित हुआ।

# लेवांडोव्स्की के दो गोल से जीता बार्सीलोना



मैड्रिड। ला लीगा का खिताब पहले ही पक्का कर चुकी बार्सिलोना ने रविवार को यहां एथलेटिक बिलबाओ पर 3-0 की जीत के साथ अपने अभियान को शानदार तरीके से खत्म किया। बार्सिलोना के दिग्गज रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने बिलबाओ में 14वें और 17वें मिनट में गोल करके लीग सत्र का समापन 27 गोल के साथ किया, जो कि एमबापे से चार कम है। बार्सिलोना ने अपना अभियान 28 जीत, चार ड्रॉ और छह हार से 88 अंक के साथ खत्म किया। यह दूसरे स्थान पर रहे रियल मैड्रिड से चार अंक अधिक है। छत्तीस साल के लेवांडोव्स्की ने इसके साथ ही बार्सीलोना के साथ अपने गोल का शतक भी पूरा किया। उन्होंने इस टीम के साथ तीन सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में अब तक कुल 101 गोल कर लिए हैं।

फ्रेंच ओपन

# नडाल ने कहा- संन्यास से खुश हूं छह महीने से रैकेट नहीं उठाया



पेरिस। रफेल नडाल ने अपने शानदार कॅरियर का आखिरी मैच खेलने के बाद से पिछले छह महीने में टेनिस रैकेट नहीं उठाया है और उनका कहना है कि अब वह सिर्फ नुमाइशी मैच खेलने के लिए ही रैकेट उठाएंगे और संन्यास के अपने फैसले से खुश हैं। उन्हें इस बात का कोई मलाल नहीं कि 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जिताने वाली प्रतिस्पर्धी भावना भीतर से खत्म होने के बाद खेल से विदा लेने में उन्होंने देर नहीं की। उन्होंने सर्वाधिक 14 बार फ्रेंच ओपन खिताब जीता है। नडाल ने कहा, 'मैं अब गोल्फ खेलने का मजा लेता हूं और बाकी चीजों में भी आनंद आ रहा है। मुझे टेनिस की उतनी कमी नहीं खल रही क्योंकि मेरे पास जितना कुछ था, मैने टेनिस को दे दिया। अब मुझे मानसिक रूप से सुकून है। मेरा शरीर फिर से कोर्ट पर उतरने की अनुमति नहीं देता। मैं जितना कर सकता था, मैने किया और बेहतरीन कॅरियर रहा। अब जीवन के नए दौर का मजा ले रहा हूं।'

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 14 | 9 | 4 | 19 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 14 | 8 | 6 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### एससीए का आयोजन सात से 20 जून तक

नई दिल्ली। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने सोमवार को कहा कि उसकी टी20 लीग सात से 20 जून तक खेली जाएगी। सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग में पांच टीमें होंगी और इसमें 20 मैच होंगे। एससीए के अध्यक्ष जयदेव शाह ने एक बयान में कहा, 'सौराष्ट्र क्रिकेट संघ का यह टूर्नामेंट हमारे क्षेत्र में खेल को पेशेवर स्तर बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। सौराष्ट्र प्रो टी-20 लीग में सौराष्ट्र और कच्छ तथा अन्य क्षेत्रों के शीर्ष स्तरीय और उभरती हुई प्रतिभाएं भाग लेंगी।

### एक टीम के रूप में हम अच्छा नहीं खेले

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के



खिलाफ बड़ी हार के साथ अपने अभियान का अंत करने के बाद कहा कि उनकी गत चैंपियन टीम मौजूदा सत्र में एक इकाई के रूप में अच्छा खेलने में नाकाम रही। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी इन दो टीम के बीच हुए मुकाबले को 110 रन से जीतकर गत उप विजेता सनराइजर्स की टीम 14 मैच में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई।

## आईपीएल: अंक तालिका में टॉप पर पहुंची किंग्स

# इंग्लिस-प्रियांश के अर्धशतक, पंजाब ने इंडियन्स को सात विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ जयपुर





अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद जोश इंग्लिस और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के महत्वपूर्ण मुकाबले में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से हराकर शीर्ष दो में जगह सुनिश्चित की। प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी इन दोनों टीम के बीच हुए मुकाबले के विजेता का लीग चरण खत्म होने पर शीर्ष दो में रहना तय था। पंजाब की टीम ने लीग चरण में अपने अभियान का अंत 14 मैच में 19 अंक के साथ किया। टीम अभी शीर्ष पर है। मुंबई की टीम 14 मैच में 16 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। मुंबई के 185 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने इंग्लिस (73 रन, 42 गेंद, नौ चौके, तीन छक्के) और प्रियांश (62 रन, 35 गेंद, नौ चौके, दो छक्के) के बीच दूसरे विकेट की 109 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 187 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी नाबाद 26 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव ने इससे पहले 39 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से 57 रन की पारी खेली जिससे मुंबई इंडियन्स ने सात विकेट पर 184 रन बनाए। गेंदबाजों की मददगार पिच पर मुंबई ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और रेयान रिकेल्टन (27), कप्तान हार्दिक पंड्या (26), रोहित शर्मा (24) और नमन धीर (20) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने 28, मार्को यानसेन ने 34 और विजय कुमार विशाख ने 44 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे पंजाब ने पावर प्ले में प्रभसिमरन सिंह (13) का विकेट गंवाकर 47 रन बनाए। प्रियांश ने ट्रेंट बोल्ट पर दो चौकों के साथ शुरुआत की। प्रभसिमरन ने दीपक पर छक्का और चौका मारा लेकिन जसप्रीत बुमराह (23 रन पर एक विकेट) की गेंद पर अश्विनी कुमार को कैच दे बैठे।

### शीर्ष दो की जंग में प्लेऑफ की चार टीमें हारीं, बेंगलुरु की जीत पर नजर



लखनऊ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इंडियन प्रीमियर लीग का अपना आखिरी लीग मुकाबले मंगलवार को खेलेगी। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ तालिका में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने पर होगी। सुपर जायंट्स की टीम हालांकि मौजूदा सत्र में अपने निराशाजनक अभियान का अंत जीत से करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगायेगी। गुजरात टाइटंस की लगातार हार ने तीसरे स्थान पर काबिज आरसीबी के लिए 2016 के बाद पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका बना दिया है। आईपीएल की तालिका में शीर्ष दो पायदान पर रहने वाली टीमों को तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के मुकाबले फाइनल में पहुंचने का एक अतिरिक्त मौका मिलता है। आरसीबी के नाम 17 अंक है और उसके लिए गलती की गुंजाइश बहुत कम है। शीर्ष पर पहुंचने के लिए उसे इस मैच में जीत जरूरी है। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) में से कोई एक आज शाम होने वाले मुकाबले के बाद टाइटंस से (18 अंक) से आगे निकलने के लिए तैयार है।

### मुसेत्ती, सबालेंका, शेल्टन का फ्रेंच ओपन में जीत से आगाज



पेरिस। अमेरिका के 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने लोरेंजो सोनेगो को सीधे सेटों में 6-4, 4-6, 3-6, 6-2, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। शेल्टन ने आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में भी सोनेगो को हराया था। इससे पहले आठवीं वरीयता प्राप्त मुसेत्ती ने जर्मनी के क्वालीफायर यानिक हांफमैन को 7-5, 6-2, 6-0 से हराया। वहीं एरिना सबालेंका ने कामिला राखिमोवा को 6-1, 6-0 से शिकस्त दी। ओलंपिक चैंपियन चीन की झेंग किंवेन ने फ्रेंच ओपन 2021 उपविजेता अनास्तासिया पी को 6-4, 6-3 से मात दी। पिछले साल की उपविजेता इटली की चौथी वरीयता प्राप्त जैसमीन पाओलिनी ने युआन यूइ को 6-1, 4-6, 6-3 से हराया। अमेरिका के टॉमी पॉल ने डेनमार्क के एल्मेर मोलेर को 6-7, 6-2, 6-3, 6-1 से हराया। वहीं उनके हमवतन फ्रांसिस टियाफो ने रोमन साफिउलिन को 6-4, 7-5, 6-4 से मात दी।

### विश्व कप क्वालीफाई करने का सुनहरा मौका



नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि भारत एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में हर अंक के लिए मेहनत करेगा ताकि खिताब जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सके। भारतीय टीम एफआईएच अंकतालिका में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड शीर्ष पर और बेल्जियम दूसरे स्थान पर है। प्रो लीग का यूरोप चरण सात जून से शुरू होगा और टूर्नामेंट के विजेता को 2026 विश्व कप में अपने आप जगह मिलेगी।

### भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

रोसारियो। कनिका सिवाच के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में उरुग्वे को 3-2 से हराया। भारत के इस रोमांचक मुकाबले में कनिका (46वां और 50वां मिनट) के अलावा सोनम (21वां) ने गोल किए। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सेगल (तीसरा) और अगस्टिना मैरी (24वां) ने गोल किए। उरुग्वे ने तीसरे मिनट में ही सेगल के पेनल्टी कॉर्नर से बढ़त हासिल कर ली। सोनम ने दूसरे क्वार्टर में 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बराबरी दिलायी। इसके तीन मिनट के बाद ही मैरी ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर उरुग्वे को फिर से बढ़त दिला दी। भारत ने आखिरी क्वार्टर में चार मिनट के अंदर कनिका के दो गोल से वापसी की। कनिका ने पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और फिर मैदानी गोल कर टीम को बढ़त दिला दी जो आखिर तक कायम रही। भारत का अगला मुकाबला मंगलवार को मेजबान अर्जेंटीना से होगा।



# गुकेश और प्रज्ञानानंदा के पास चेस को बढ़ावा देने की क्षमता

एजेंसी ▶▶ स्टवांगेर

वर्ल्ड नंबर-2 नाकामुरा का बयान



डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा को भारतीय प्रशंसकों से मिलने वाले समर्थन से प्रभावित अमेरिका के ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा का मानना है कि पश्चिमी देशों में 'उबाऊ' शतरंज को बढ़ावा देने के लिए मजबूत व्यक्तित्व का होना जरूरी है।

शानदार शतरंज खिलाड़ी के साथ नाकामुरा की पहचान स्ट्रीमर की भी है। उन्हें यह समझने में ज्यादा देर नहीं लगी कि शतरंज जैसे व्यक्ति आधारित 'उबाऊ' खेल में पहचान बनाने के लिए प्रौद्योगिकी की जरूरत होती है। वह मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग और इस खेल को लेकर अपने दृष्टिकोण के लिए दुनिया के सबसे उत्सुकता से अनुसरण किए जाने वाले शतरंज खिलाड़ियों में से एक हैं। नाकामुरा ने नॉर्वे शतरंज के इतर बातचीत के दौरान कहा, 'ज्यादातर लोगों के लिए, यह (शतरंज) बस एक बहुत ही उबाऊ खेल है। ऐसे में इसे आगे बढ़ाने का एकमात्र तरीका यह है कि प्रशंसकों को आपका व्यक्तित्व समझने का मौका मिले जिससे वह आपसे और अधिक जुड़ाव महसूस कर सकें। खासकर भारत आप देख सकते है कि गुकेश या प्रज्ञानानंदा या अर्जुन एरिगेसी को आप जब विश्व कप या ऐसे किसी आयोजन में खेलते देखते है तो प्रशंसकों का पूरा समर्थन मिलता है।'

# भारत के पैरा एथलीट महेंद्र गुर्जर ने भाला फेंक एफ42 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के महेंद्र गुर्जर ने स्विट्जरलैंड में नॉटविल विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की भाला फेंक एफ42 श्रेणी में 61.17 मीटर के प्रयास से विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत के 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 2022 में ब्राजील के रॉबर्टो फ्लोरियानी एडेनिलसन द्वारा बनाए गए 59.19 मीटर के पिछले विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया। महेंद्र ने अपने तीसरे प्रयास में भाले को 61.17 मीटर की विश्व रिकॉर्ड दूसरी तक फेंका। उनके शुरुआती दो प्रयास 56.11 और 55.51 मीटर के रहे। रविवार को उनके अंतिम तीन थ्रो 58.54 मीटर, 57.25 मीटर और 58.07 मीटर के रहे। एफ42 वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके एक पैर की मूवमेंट मध्यम रूप से प्रभावित होती है। पैरालंपिक में दो बार स्वर्ण पदक जीतने वाले और विश्व रिकॉर्ड धारक सुमित अंतिल ने भी पुरुषों की भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में 72.35 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। एफ64 वर्ग उन एथलीटों के लिए है जिनके एक या दोनों पैरों में मामूली रूप से मूवमेंट प्रभावित होता है या अंग नहीं होता।

## प्रणय, लक्ष्य, सिंधू भी सिंगापुर ओपन में आज से पेश करेंगे चुनौती

# सात्विक और चिराग से दमदार वापसी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सितारों से सजी भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी। यह जोड़ी हालांकि चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल सके थे। इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे वाली यह भारतीय जोड़ी यहां मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचकर किदांबी श्रीकांत ने खुद की और पिछले कुछ महीनों में भारतीय बैडमिंटन पर छाई निराशा को दूर करने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने पिछले कुछ महीनों से भारत के एकल खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में सप्ताह दर सप्ताह अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने की परिपाटी को तोड़ा। श्रीकांत हालांकि इस सप्ताह प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे लेकिन वह अपने हमवतन खिलाड़ियों को 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अच्छा करने के लिए प्रेरित जरूर करेंगे। विश्व चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने कुआलालंपुर में श्रीकांत के शानदार प्रदर्शन को करीब से देखा था।

### सिंधू अब भी वापसी की राह पर

*लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में लिन चुन-यी का सामना करके अपनी फिटनेस पर संदेह को दूर करना चाहेंगे। प्रियांशु राजावत भी मौजूदा सत्र में प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं। किरण जॉर्ज भी इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। महिला एकल में अनुभवी पीवी सिंधू अब भी वापसी की राह पर है। अपनी कोचिंग टीम में कई बार बदलाव करने के बाद बावजूद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी है। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का सामना पहले दौर में कनाडा की वेन यू झांग से होगा। अनमोल खरब का मुकाबला पूर्व ओलंपिक चैंपियन चीन के चेन यू फी से होगा जबकि आकर्षी कश्यप तीसरी वरीयता प्राप्त हान यू के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगी।*

### एआईयू ने डोप परीक्षण में विफल होने पर धाविका स्नेहा को निलंबित किया



नई दिल्ली। चार गुणा 400 मीटर महिला रिले टीम की सदस्य स्नेहा कोलेरी को दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम से बाहर किए जाने के एक दिन बाद स्टेनोजोलोल के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है। भारत की शर्मिंदगी में लंबी दूरी की धावक वर्षा टेकाम का भी योगदान रहा जिन्हें एआईयू ने डोप परीक्षण से बचने के लिए अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया। डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एआईयू ने कहा, "एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ (स्टेनोजोलोल) की मौजूदगी/उपयोग के लिए स्नेहा कोलेरी (भारत) को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है।"

**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री दिनेश, श्रीमती सुदेश, दिनेश मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10733215) | गांव देवसर, तहसील व जिला भिवानी, हरियाणा 127021 के लाल डोरा में स्थित प्लॉट / मकान एलजीडी आईडी नं. 611670327 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 864.00, 1024.00, 819.00 | रु. 1011692/- (रुपये दस लाख ग्यारह हजार छह सौ बानवे केवल) | 13/03/2025 | 22/05/2025 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 27.05.2025 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

चिंतन

# एमएसएमई की दिक्कतों को दूर करना होगा

जापान को पछाड़कर भारत बेशक मामूली अंतर से अंकड़ों में विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई हो, लेकिन जब तक हमारी अर्थवयव्स्था में निर्यात पर निर्भरता निम्न से निम्नतम होकर आत्मनिर्भरता हासिल करने और जमीनी स्तर पर रोजगार सृजन की क्षमता नहीं होगी, भारत सही मायने में आर्थिक शक्ति नहीं कहलाएगा। अगर एक तरफ सरकार करीब अपनी दो तिहाई आबादी (81 करोड़ लोगों) को 5 किलो मुफ्त अनाज देने के लिए मजबूर है और दूसरी तरफ देश विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया हो तो यह बिल्कुल विरोधाभास स्थिति है। नीति आयोग भी अपनी चौथी अर्थव्यवस्था बनने की रिपोर्ट पर मुतमईन नहीं है, इसलिए मझोले उद्योग के सामर्थ्य व संभावनाओं को लेकर आयोग ने इसके परिदृश्य को बदलने पर जोर दिया है। नीति आयोग ने सोमवार को मझोले उद्योगों को भविष्य के वृद्धि इंजन में बदलने के लिए वित्तीय माध्यमों, प्रौद्योगिकी एकीकरण और एक केंद्रीकृत डिजिटल पोर्टल की वकालत की है। आयोग ने 'मझोले उद्योगों के लिए नीति तैयार करना' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में इन उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया और उनकी पूरी क्षमता को उगाजर करने के लिए लक्षित हस्तक्षेप पर जोर दिया है। मझोले उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए रिपोर्ट में उद्यम कारोबार से जुड़ी एक कार्यशील पूंजी वित्तपोषण योजना, बाजार दर पर पांच करोड़ रुपये के क्रेडिट कार्ड की सुविधा और एमएसएमई मंत्रालय की देखरेख में बैंकों के माध्यम से तेजी से धन वितरण तंत्र बनाने की सिफारिश की गई है। आयोग ने एमएसएमई मंत्रालय के भीतर एक समर्पित शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की स्थापना की भी सिफारिश की है। यह प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महत्व की क्लस्टर आधारित परियोजनाओं के लिए आत्मनिर्भर भारत कोष का लाभ उठाएगा। भारत को अगर विकसित देश बनना है और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना है तो मझोले उद्योगों यानी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना होगा, केवल वृहत उद्योग व शेयर बाजार के पूंजीकरण के भरोसे देश आर्थिक निर्भरता हासिल नहीं कर सकेगा। दरअसल, देश के मानव श्रम को खपाने की क्षमता मझोले उद्यम में ही है। देश की विनिर्माण अर्थव्यवस्था में मझोले उद्योगों का योगदान 36.2 फीसदी है, जीडीपी में करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है और इसमें करीब 12 करोड़ लोग काम कर रहे हें। इसकी क्षमता को बढ़ा कर 25 करोड़ रोजगार पर लाया जा सकता है। एमएसएमई भारत के कुल निर्यात में लगभग 45 फीसदी (वित्त वर्ष 2021-22) का योगदान देते हैं एमएसएमई क्षेत्र में स्किल के साथ अनस्किल श्रम को भी रोजगार देने की क्षमता है। नीति आयोग ने इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पिटिटिवनेस के साथ मिलकर रिपोर्ट जारी की है, जिसमें एमएसएमई के विकास में बाधा डालने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है। भारत का संपन्न स्टार्टअप इकोसिस्टम (विश्व में तीसरा सबसे बड़ा) मुख्य रूप से एमएसएमई द्वारा संचालित है, जिसने ई-कॉमर्स, फिनटेक, डिजिटेक, आई-वे और अन्य उभरते क्षेत्रों में समाधान पेश किए हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक मझोले उद्यमों के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिन्हें तत्काल दूर करने की जरूरत है। ऋण तक पहुंच, कुशल श्रम, उच्च लागत, अपडेटेड तकनीक, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, सरकारी लालफीताशाही, अत्यधिक रेगुलेशन, इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिसिंग मिडिल, नवाचार आदि की दिक्कतें हैं। नीति आयोग को दिक्कतें दूर करने की सिफारिश करनी है। सरकार को इस ओर ध्यान देना होगा।

पुण्यतिथि
अतुल गोयल



# विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक थे पं. नेहरू

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते 'चाचा नेहरू' को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे, बल्कि आज़ादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है, जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरू का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था, बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। उनका विश्वास था कि गुलामी ने देश की आत्मा को कुचल दिया है और उसे फिर से जगाने के लिए केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी बल्कि आवश्यकता होगी सोच की स्वतंत्रता, अवसर की समानता और ज्ञान की पहुंच की। यही कारण था कि उन्होंने स्वतंत्रता के बाद जिस भारत की कल्पना की, वह कारखानों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, बांधों और अनुसंधान संस्थानों से भरा हुआ भारत था। पंडित नेहरू की राजनीति केवल सत्ता का अभ्यास नहीं थी, वह एक वैचारिक यात्रा थी। उनका विश्वास था कि विविधता में ही भारत की शक्ति है। वे बार-बार कहते थे, 'भारत की आत्मा अनेकता में एकता है।' यही कारण था कि उन्होंने भारत के संविधान में धर्मनिरपेक्षता को न केवल संरक्षित किया बल्कि उसे भारतीय पहचान का



अभिन्न हिस्सा बना दिया। बच्चों के प्रति नेहरू का प्रेम भारतीय समाज में एक विशेष स्थान रखता है। वे मानते थे कि बच्चे देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान हैं, जिनकी देखभाल और शिक्षा आज ही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनके दिल में बच्चों के लिए अत्यधिक स्नेह था। वे जब भी किसी विद्यालय या बालसभा में जाते तो बच्चों की आंखों में चमक आ जाती। उनके पास बैठकर बच्चे खुद को सहज महसूस करते थे। वह खुद को 'चाचा' कहलवाना पसंद करते थे क्योंकि उन्हें बच्चों के साथ औपचारिकता से परे आत्मीयता चाहिए थी। उनका यह प्रेम केवल भावनात्मक नहीं था बल्कि व्यावहारिक योजनाओं और नीतियों के माध्यम से भी परिलक्षित होता था। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया और भारतीय शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) जैसी संस्थाएं उन्हीं की कल्पनाओं का परिणाम थी, जिनकी नींव उन्होंने अपने कार्यकाल में रखी। उनकी विदेश नीति ने भी भारत को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापकों में उनका नाम अग्रणी था। उनका दृष्टिकोण था कि भारत अपनी स्वतंत्र नीति के आधार पर अंतरराष्ट्रीय संबंधों को तय करेगा। उन्होंने शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को भारत की कूटनीति की आधारशिला बनाया। नेहरू की आलोचनाएं भी हुई, चीन नीति, कश्मीर, समाजवाद की धीमी प्रगति जैसे विषयों पर कई लोगों ने उनके निर्णयों को कटघरे में खड़ा किया परंतु आलोचना के बीच उनकी मूल नीयत, उनके इरादे और उनकी दूरदृष्टि पर कभी कोई बड़ा प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सका। भारत आज जब 21वीं सदी में वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है तो यह आवश्यक है कि हम उस नींव को न भूलें, जो नेहरू ने रखी थी। आज की तकनीकी, वैज्ञानिक और शैक्षणिक प्रगति उन्हीं नीतियों की फलश्रुति है, जिन्हें उन्होंने स्वतंत्र भारत की शुरुआत में लागू किया था। उनकी पुण्यतिथि केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना नेहरू ने देखा था? क्या हम बच्चों को शिक्षा, पोषण और संस्कार दे पा रहे हैं? क्या हम विज्ञान और विवेक के मार्ग पर हैं? क्या हम विविधता को अपनाकर एकता को सशक्त कर रहे हैं? इन सवालों के उत्तर खोजते समय पंडित नेहरू की पुस्तकें, उनके भाषण और उनका जीवनदर्शन हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने भारत को केवल इतिहास की दृष्टि से नहीं बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक और मानवीय दृष्टिकोण से देखा।

(लेखक न्यूयॉर्क की कंपनी में सॉफ्टवेयर डवलपमेंट इंजीनियर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
प्रोफेसर अश्वनी महाजन

# ट्रंप टैरिफः भारत के लिए नए अवसर

एक तरफ जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और दूसरे देशों पर शुल्क बढ़ाए जा रहे हैं, नए परिप्रेक्ष्य में नई संभावनाएं भी जन्म ले रही हैं। चीन पर अधिक शुल्क लगाने से भारत के लिए इन देशों में संभावनाएं बेहतर हुई हैं। यही नहीं हाल ही में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारत के घरेलू प्रयास से बनी युद्ध सामग्री की मांग भी शेष दुनिया में बढ़ने की पूरी संभावना है। समझा जा सकता है कि चाहे अमेरिका द्वारा थोपा गया व्यापार और टैरिफ युद्ध हो, अथवा भारत की ऑपरेशन सिंदूर के नाते की गई कार्यवाही हो, सभी देश में उत्पादन और निवेश के नए अवसर के रास्ते खोल रहे हैं।

हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप ने एप्पल के सीईओ को धमकी दी थी कि कंपनी भारत में एप्पल फोन का उत्पादन बंद कर दे और इसके बदले एप्पल की फैक्ट्री अमेरिका में स्थानांतरित कर दे, लेकिन इसके बावजूद एप्पल की सहयोगी कंपनी फॉक्सकॉन ने एप्पल आईफोन के उत्पादन के लिए भारत में 1.5 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की। अब राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका में आयातित एप्पल फोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है और कहा है कि अमेरिका के बाहर उत्पादित एप्पल फोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। ऐसा अमेरिका के बाहर एप्पल फोन के उत्पादन को हतोत्साहित करने के लिए किया गया है। ऐसा लगता है कि कंपनी इस संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति की बात मानने को तैयार नहीं है। इसी तरह अमेरिका की टैरिफ घोषणा के बाद यूरोपीय आयोग ने भी रक्षा वस्तुओं के उत्पादन में भारत के साथ साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की थी; और स्पष्ट रूप से कहा था कि वे रक्षा वस्तुओं के उत्पादन में वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत को एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखते हैं।

गौरतलब है कि 2 अप्रैल, 2025 को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यालय ने विभिन्न देशों से आने वाले सामानों पर उच्च टैरिफ लगाने की घोषणा की, जिसे वे पारस्परिक टैरिफ कहते हैं। चूंकि विभिन्न देश अमेरिका से आने वाले सामानों पर अलग-अलग टैरिफ लगाते हैं, इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप ने भी विभिन्न देशों पर अलग-अलग टैरिफ लगाने का विकल्प चुना है। इस संदर्भ में, राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिसका अर्थ है कि भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामानों पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। यह महत्वपूर्ण है कि ट्रंप ने चीन पर पहले 54 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जबकि वियतनाम पर 46 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44, थाईलैंड पर 36, ताइवान पर 32, दक्षिण अफ्रीका पर 30 और जापान पर 24 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लगाया गया। इसके अलावा, अमेरिकी प्रशासन ने धमकी दी कि अगर कोई देश भी अमेरिका से आयात पर जवाबी कार्यवाही कर टैरिफ बढ़ाता है तो वे भी टैरिफ और भी बढ़ा देंगे। इस संदर्भ में, चीन की जवाबी कार्रवाई और अमेरिका से आयात पर टैरिफ बढ़ाने के फैसले के बाद, ट्रंप प्रशासन ने चीन से आयात पर उसके बाद 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। हालांकि, एक हफ्ते से भी कम समय में, 8 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कदम वापस ले लिए और पारस्परिक टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोक दिया, और कहा कि अब 75 देशों पर मात्र 10 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क ही लगेगा, लेकिन चूंकि चीन ने जवाबी कार्रवाई की है, ट्रंप ने उस पर पहले 104 और फिर 145 और उसके बाद में तो 245 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ लगा दिया है। हाल ही में चीन और अमेरिका में कुछ सहमति बनने के बाद अमेरिका ने चीन पर टैरिफ घटाकर 30 प्रतिशत और 10 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह तर्क देते हैं कि दूसरे देश अमेरिकी सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, जबकि अमेरिका विदेशों से आने वाले सामान पर कम



टैरिफ लगाता है। इससे अमेरिका को नुकसान होता है। उनका कहना है कि उन्हें अमेरिका में उद्योगों को पुनः स्थापित कर अमेरिका को पुनः महान बनाना है, लेकिन उनका यह तर्क इसलिए गलत है, क्योंकि भारत समेत दूसरे देश अमेरिकी सामान पर अधिक टैरिफ डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों के अनुरूप लगाते हैं। उदाहरण के लिए भारत अपने देश में आने वाले सामानों पर 50.8 प्रतिशत भारित टैरिफ लगाने का अधिकारी है। हालांकि भारत वास्तव में मात्र 6 प्रतिशत भारित टैरिफ ही लगाता है।

भारत समेत अन्य विकासशील देशों को ज्यादा टैरिफ लगाने की अनुमति इसलिए दी गई थी क्योंकि डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों में भारत समेत अन्य विकासशील देशों को मात्रात्मक नियंत्रण लगाने, अपने लघु उद्योगों के संरक्षण करने, कृषि को अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों से अलग रखने, अपना बौद्धिक संपदा एवं विदेशी निवेश को नियमित करने हेतु कानून बनाने की स्वतंत्रता समेत कई अधिकारों से वंचित होना पड़ा था। इसके बदले में उन्हें अमेरिका और अन्य विकसित देशों की तुलना में ज्यादा टैरिफ लगाने का अधिकार मिला था। ट्रंप द्वारा टैरिफ युद्ध के बाद वह अधिकार भी छिन रहा है। यह भी कहा जा सकता है कि ट्रंप के द्वारा पारस्परिक टैरिफ लगाने से डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों को ही नकारा जा रहा है। अब समय आ गया है कि जब अमेरिका जैसे विकसित देश डब्ल्यूटीओ की अवहेलना कर रहे हैं, तो हमें भी डब्ल्यूटीओ में ट्रिप्स समेत अन्य शोषणकारी समझौतों से बाहर आने की रणनीति के बारे में सोचना चाहिए। ध्यातव्य है कि डब्ल्यूटीओ से पहले, भारत लगभग 10000 वस्तुओं के आयातों पर मात्रात्मक नियंत्रण लगाता था, लेकिन डब्ल्यूटीओ समझौतों के कारण संभव नहीं रहा। डब्ल्यूटीओ के विघटन के बाद अब मात्रात्मक नियंत्रण लगाना संभव हो सकेगा, जिससे हमें अपने उद्योगों को संरक्षित एवं संवर्धित करना संभव हो सकेगा। अमेरिका की हठधर्मिता के चलते, यदि डब्ल्यूटीओ समाप्त होता है तो ऐसी स्थिति में, हम आरक्षण की नीति को फिर से लागू करके अपने छोटे उद्योगों की रक्षा और संवर्धन के लिए कुछ ऐसे उत्पादों को छोटे उद्योगों के लिए आरक्षित कर, विकेंद्रीकरण और रोजगार सृजन के लिए एक बड़ा प्रयास कर सकते हैं। अब जबकि ट्रंप ने दुनियाभर से आयात पर टैरिफ लगा दिया है, तो हमें इस स्थिति का लाभ उठाने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार की रणनीति बनानी होगी। ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन्हें लाभ हो सकता है, क्योंकि हमारे निर्यात को अमेरिका में नए बाजार मिल सकते हैं, जबकि चीन के निर्यात को ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए उच्च पारस्परिक टैरिफ के कारण नुकसान हो सकता है। चूंकि यूरोपीय संघ और अन्य देश वैश्विक मूल्य श्रृंखला में नई साझेदारी के लिए आगे आ रहे हैं, रक्षा जैसे क्षेत्रों में, हमें बहुत लाभ हो सकता है। नए परिदृश्य में, भारत को बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के बजाय द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के साथ विदेशी व्यापार को बढ़ाना चाहिए। हालांकि, अमेरिका और अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करते समय, राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जानी चाहिए।

एक तरफ जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और दूसरे देशों पर शुल्क बढ़ाए जा रहे हैं, नए परिप्रेक्ष्य में नई संभावनाएं भी जन्म ले रही हैं। चीन पर अधिक शुल्क लगाने से भारत के लिए इन देशों में संभावनाएं बेहतर हुई हैं। यही नहीं हाल ही में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारत के घरेलू प्रयास से बनी युद्ध सामग्री की मांग भी शेष दुनिया में बढ़ने की पूरी संभावना है। समझा जा सकता है कि चाहे अमेरिका द्वारा थोपा गया व्यापार और टैरिफ युद्ध हो, अथवा भारत की ऑपरेशन सिंदूर के नाते की गई कार्यवाही हो, सभी देश में उत्पादन और निवेश के नए अवसर के रास्ते खोल रहे हैं। चीन के प्रति शेष दुनिया की विमुखता, भारत के उद्यमियों के प्रयासों और दुनिया की भारत के प्रति बढ़ती रुचि, सभी भारतीय अर्थव्यवस्था में नए स्पंदन का कारण बन रही हैं।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर रह चुके हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## हर मानव में शुभ-अशुभ इच्छाएं होती हैं



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे योद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बढ़ती समस्याओं का कारण सादगी का अभाव**

आज लोग दूसरों को धोखा देने के नए-नए रास्ते निकाल लेते हैं, मगर इससे जीवन में शांति नहीं आ सकती। शांति के लिए सादगी के साथ-साथ स्वावलंबन भी आवश्यक है। कबीर महात्मा होकर भी कपड़ा बुनते थे। गांधी जी अपना कार्य स्वयं अपने हाथों से करते थे। साबरमती आश्रम के निवासियों को स्वावलंबन की शिक्षा पहले दी जाती थी। अमरीका के प्रसिद्ध उद्योगपति हेनरी फोर्ड के जीवन की एक घटना हमें बताती है कि अमरीकावासी घरेलू नौकर से काम कराने के बजाय अपना काम स्वयं करना अधिक पसंद करते हैं। जब तक मानव छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों का मुंह ताकेगा, वह सुखी नहीं हो सकता। जीवन को सरल, सादगीपूर्ण व स्वावलंबी बनाते हुए, अपने विचारों की उच्चता में ही जीवन की सफलता है।

*- प्रकाश उपाध्याय, धमतरी*

## करंट अफेयर

# पोत का जलावतरण विफल अधिकारी लिए हिरासत में

उत्तर कोरियाई प्राधिकारियों ने हाल में नौसेना के विध्वंसक पोत का जलावतरण असफल रहने के मामले में चार अधिकारियों को हिरासत में लिया है। देश के सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने जलावतरण के दौरान पोत के क्षतिग्रस्त होने की घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि यह आपराधिक लापरवाही के कारण हुआ है। उत्तर कोरिया की नौसेना के लिए अहम माना जा रहा 5,000 टन वजनी विध्वंसक युद्धपोत अपने जलावतरण समारोह के दौरान पिछले सप्ताह बुधवार को क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कार्यक्रम में उत्तर कोरिया के नेता किम भी शामिल हुए थे। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों में पोत स्थल पर एक ओर पड़ा हुआ और नीले रंग के कवर से ढका नजर आ रहा था। पोत के कुछ हिस्से पानी में डूबे दिख रहे थे। देश के दूसरे ज्ञात विध्वंसक युद्धपोत के जलावतरण में विफलता किम के लिए शर्मिंदगी की बात है। किम अमेरिकी नेतृत्व वाली सैन्य चुनौतियों से निपटने के लिए नौसैनिक बलों को मजबूत करने पर जोर देते हैं। उत्तर कोरिया ने पिछले महीने अपने पहले विध्वंसक पोत का जलावतरण किया था। यह भी 5,000 टन वजनी पोत है।



## ऑफ बीट

# एब्स और कोर के बीच क्या अंतर है?

**एडिलेट।** आपने संभवतः सोशल मीडिया वीडियो, पिलेट्स कक्षाओं या यहां तक कि फिजियोथेरेपी विशेषज्ञों द्वारा एब्स और कोर शब्दों का प्रयोग सुना होगा। ये क्योंकि आपके शरीर के एक ही सामान्य क्षेत्र को संदर्भित करते हैं, इसलिए आप सोच सकते हैं कि इनमें आखिर अंतर क्या है। जब लोग एब्स के बारे में बात करते हैं, तो वे अक्सर पेट की मांसपेशियों का उल्लेख करते हैं जिन्हें आप देख सकते हैं। इसके विपरीत, कोर शब्द का प्रयोग सौंदर्यबोध के बजाय कार्य के संदर्भ में मांसपेशियों के एक व्यापक समूह का वर्णन करने के लिए किया जाता है। यद्यपि एब्स और कोर के बारे में अक्सर अलग-अलग बात की जाती है, लेकिन उनमें काफी समानताएं हैं। शब्द "एब्स" पेट की मांसपेशियों का संक्षिप्त रूप है। ये वे मांसपेशियां हैं जो आपके पेट के सामने और किनारे मौजूद होती हैं। जब लोग कोर के बारे में बात करते हैं, तो वे अक्सर आपके पेट की मांसपेशियों का उल्लेख करते हैं, लेकिन आपकी पीठ (आपकी स्पाइनल इरेक्टर), कूल्हों, नितंब की मांसपेशियां, हमारे पेट के निचले अंगों जैसे मूत्राशय, गर्भाशय, आंत आदि को सहारा देने वाली मांसपेशी और आपके डायाफ्राम की मांसपेशियों का भी उल्लेख करते हैं। ये वे मांसपेशियां हैं जो रीढ़ की हड्डी को गति के विरुद्ध स्थिर रखती हैं।



## ट्रेंड

### जीरो टोलरेंस नीति पर चर्चा



विदेश मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की। ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति पर चर्चा की। इस संबंध में एक मजबूत और एकजुट संदेश भेजने के महत्व को रेखांकित किया।

**-एस. जयशंकर, केंद्रीय मंत्री**

### कस्तूरबा विद्यालय संबल बना



वंचित तबके की वे बालिकाएं, जिनका ड्रॉप आउट रेट सर्वाधिक था, उन्हें कस्तूरबा विद्यालयों ने एक संबल दिया। उत्तर प्रदेश, स्कूली शिक्षा का एक नया मॉडल देने जा रहा है। शिक्षा तो आधारशिला होती है। बेसिक शिक्षा परिषद इनोवेशन का केंद्र बिंदु बना है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

### गरीबी-अमीरी के बीच खाई



भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन गरीबी-अमीरी के बीच की खाई का अंतर इन आंकड़ों से समझें- प्रति व्यक्ति आय के मामले में 124 वें स्थान पर। शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट 2% से भी कम। भूख के मामले में 105 वें स्थान पर।

**-संजय सिंह, आप नेता**

### चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बने



जब मैं बिजनेस स्कूल में था, तो भारत का जीडीपी में जापान से आगे निकल जाना एक दूर की कौड़ी, दुस्साहसिक सपने जैसा लगता था। आज, वह मील का पत्थर अब सैद्धांतिक नहीं रह गया है-हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं

**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### झरने में फंसे 5 पर्यटकों को लोगों ने बचाया

**मंगलुरु।** कर्नाटक में एरागुंडी झरने के ऊपर फंसे 5पर्यटकों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बचा लिया। यह घटना रविवार को दक्षिण कन्नड़ जिले स्थित मूडबिद्री तालुक के पुट्टीगे गांव के पलाडका में हुई। पर्यटक झरने के ऊपरी हिस्से पर चढ़ गए थे लेकिन नदी में पानी का स्तर बढ़ने से वे फंस गए और मदद के लिए गुहार लगाने लगे।



### सौरव के भाई-भाभी बाल बाल बचे, स्पीडबोट पलटी



**पुरी।** यहां के समुद्र में वॉटर स्पोर्ट का आनंद लेते समय भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के बड़े भाई क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता की 'स्पीडबोट' पलट गई लेकिन दोनों बाल-बाल बच गए। यह घटना शनिवार शाम को 'लाइटहाउस' के पास हुई।

### बंगाल स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय को उड़ा देंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद बम निरोधक और श्वान दस्तों के साथ पुलिसकर्मियों की एक बड़ी टीम मौके पर पहुंची। ईमेल सोमवार तड़के स्वास्थ्य सेवा विभाग को मिला, जिसमें लिखा था कि 1.13 बजे 4 बम विस्फोट होंगे।

### जस्टिस वर्मा संबंधी जांच रिपोर्ट उजागर नहीं होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आरटीआई के तहत उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया, जिसमें दजस्टिस यशवंत वर्मा को नकदी मिलने के आरोपों में दोषी ठहराया है। तत्कालीन सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना वर्मा के खिलाफ कार्रवाई को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को लिखे पत्र को भी उजागर करने से इनकार कर दिया।



### गोगोई की पत्नी ने पाक वेतन पर काम किया

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत विस्वा सरमा ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने चौंकाने वाला कबूलनामा किया है कि उनकी पार्टी के सांसद गौरव गोगोई की ब्रिटिश मूल की पत्नी पाकिस्तान सरकार के वेतन पर काम करती थी। सरमा ने कहा कि उन्हें इन विवरणों की पहले से जानकारी नहीं थी और अब इस बात का खुलासा हुआ है।



## गुजरात के दाहोद में रैली को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की

# किसी ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने की हिमाकत की तो उसका अंत निश्चित है: मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ दाहोद/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान का एकमात्र लक्ष्य भारत से नफरत करना और इसे नुकसान पहुंचाने के तरीके सोचना है, जबकि हमारे देश ने गरीबी खत्म करने और आर्थिक विकास का लक्ष्य रखा है। गुजरात के दाहोद में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की और कहा कि यह महज सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि ''भारत के लोकाचार और भावनाओं की अभिव्यक्ति'' थी।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके बाद, भारत ने छह मई की देर रात पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान में आतंकी ढांचों को भारी नुकसान पहुंचा।

**यह भारत के लोकाचार और भावनाओं की अभिव्यक्ति थी**

आतंकवादियों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से लड़ना इतना मुश्किल होगा, यह कार्रवाई उस जिम्मेदारी का हिस्सा है जो देश के नागरिकों ने उन्हें 26 मई 2014 को 'प्रधान सेवक' बनाकर दी थी।



### सशस्त्र सेनाओं के तीनों अंगों को खुली छूट दी

प्रधानमंत्री ने उपस्थित लोगों से कहा, ''इस तरह के आतंकी हमले के बाद भारत और मोदी कैसे चुप बैठ सकते हैं? जो कोई भी हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने की हिमाकत करेगा, उसका निश्चित ही सफाया कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से लड़ना इतना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई उस जिम्मेदारी का हिस्सा है जो देश के नागरिकों ने उन्हें 26 मई 2014 को ''प्रधान सेवक'' बनाकर दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी ने देश की सशस्त्र सेनाओं के तीनों अंगों को खुली छूट दी और इसके योद्धाओं ने वह कर दिखाया जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था।

### पाकिस्तान भारत के प्रति नफरत पाले हुए

उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, ''विभाजन के बाद अस्तित्व में आया यह देश भारत के प्रति नफरत पाले हुए है। यह केवल भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता है। वहीं, भारत का लक्ष्य गरीबी मिटाना, आर्थिक विकास करना और विकसित राष्ट्र बनना है।'' उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार की नीति उन क्षेत्रों में विकास को ले जाने की है जो पिछड़े रह गए हैं।' प्रधानमंत्री ने लोगों से होली, दिवाली और गणेश पूजा जैसे त्योहारों के दौरान भारत में बने उत्पादों को खरीदने और उपयोग करने का भी आग्रह किया।

### हमें आयातित उत्पादों का उपयोग बंद करना चाहिए

मोदी ने कहा, ''क्या आपको नहीं लगता कि हमें आयातित उत्पादों का उपयोग बंद करना चाहिए? हमारे त्योहारों के दौरान, हम पटाखे और गणेश मूर्तियों जैसी आयातित वस्तुओं का उपयोग करते हैं (जो अच्छा नहीं है)। हमारे देश की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए, सभी को केवल भारत में बने उत्पादों को खरीदने का संकल्प लेना चाहिए।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमारे देश की प्रगति के लिए जो कुछ भी आवश्यक हैं, वे सब भारत में ही उपलब्ध होने चाहिए।''

### 24,000 करोड़ की परियोजनाएं शुरू की

मोदी ने गुजरात के दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र सहित 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 9,000 अश्व शक्ति (एचपी) के देश के पहले लोकोमोटिव इंजन का अनावरण किया। साथ ही 21,405 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का उद्घाटन किया।

### वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई

उन्होंने अहमदाबाद-वेरावल वंदे भारत सेवा और वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई और उपस्थित लोगों को बताया कि देश भर में 70 मार्गों पर अब अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेनें परिचालित हो रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''एक समय था जब भारत को इंजन और डिब्बे आयात करने पड़ते थे। आज हम भारत में इनका निर्माण करते हैं और दूसरे देशों को निर्यात करते हैं।''

### वंदे भारत सेवा शुरू की



अहमदाबाद के साबरमती स्टेशन और वेरावल स्टेशन के बीच दिन में वंदे भारत सेवा शुरू की गई। इससे उन श्रद्धालुओं को सुविधा होगी जो गिर सोमनाथ जिले के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में दर्शन करने जाते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि गुजरात में रेलवे लाइनों का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है।

## कांग्रेस ने बोला हमला, देश में 'अघोषित आपातकाल' को पूरे हुए 11 साल

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर सोमवार को आरोप लगाया कि देश में अघोषित आपातकाल‡ के 11 वर्ष पूरे गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार 26 मई, 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। वर्तमान में उनकी सरकार का तीसरा कार्यकाल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, 26, मई 2014. 11 वर्षों में बड़े-बड़े "वादों" को खोखले "दावों" में बदलकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी दुर्दशा की कि "अच्छे दिन" की बात अब एक "डरावना सपना" साबित हुई है। उन्होंने दावा किया कि सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा था, लेकिन असलियत में करोड़ों की नौकरियां खत्म हो गई और किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करके उन पर रबर की गोलियां चलाई गई। खरगे ने आरोप लगाया, महिला आरक्षण पर शर्तें लागू, सुरक्षा तार-तार। कमजोर वर्ग एससी/ एसटी/ ओबीसी/ अल्पसंख्यक वर्गों पर भयावह अत्याचार, उनकी हिस्सेदारी खत्म। उन्होंने यह दावा भी किया कि महंगाई की पराकाष्ठा हो चुकी है, बेरोजगारी की बाढ़ है, उपभोग ठप्प है, मेक इन इंडिया विफल है और असमानता चरम पर है।

## कर्नल सोफिया के परिजनों ने पीएम पर की फूलों की बारिश, फिर मंच पर भी साथ दिखे



**वडोदरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सोमवार को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी का वडोदरा में रोड शो के दौरान भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार के सदस्यों ने पीएम मोदी पर वडोदरा रोड शो में फूलों की बारिश की। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार पीएम मोदी के साथ एक मंच पर भी दिखा। पीएम मोदी ने रोड शो की शुरुआत में ही कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार से मुलाकात की। कर्नल सोफिया कुरैशी की जुड़वां बहन शायना सुनसारा ने कहा कि पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत कुछ किया है। जब आपकी बहन देश के लिए कुछ करती है, तो यह न केवल मुझे बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करती है। वह अब सिर्फ मेरी बहन नहीं बल्कि देश की बहन भी है। कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई मोहम्मद संजय कुरैशी ने कहा कि प्रधानमंत्री को आमने-सामने देखना बहुत गर्व का पल था।

## तेज प्रताप पर पत्नी ऐश्वर्या बिफरीं

# मेरी जिंदगी बर्बाद की? परिवार चुनाव के कारण ड्रामा कर रहा



एजेंसी ▶▶ पटना

राजद सुप्रीमो लालू यादव के परिवार में एक नया मोड़ आया है। तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने आज एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि लालू का पूरा परिवार एक नाटक कर रहा है। ऐश्वर्या ने यह बात तेज प्रताप के एक पोस्ट के बाद कही है, जिसमें उन्होंने अनुष्का यादव नाम की एक महिला के साथ अपने 12 साल के संबंध की बात कही थी। इस पोस्ट के बाद आरजेडी ने तेज प्रताप को 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। ऐश्वर्या का कहना है कि जब तेज प्रताप पहले से ही किसी और से प्यार करते थे, तो उन्होंने उनसे शादी क्यों की और उनकी जिंदगी क्यों बर्बाद की?

### परिवार सिर्फ दिखावा कर रहा

सोमवार को तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने मीडिया के सामने आकर पहली बार इस मामले पर बात की। उन्होंने कहा कि लालू का परिवार सिर्फ दिखावा कर रहा है। ऐश्वर्या, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा राय की पोती हैं। उनकी शादी 2018 में तेज प्रताप यादव से हुई थी, लेकिन शादी के कुछ महीनों बाद ही दोनों में अनबन हो गई और ऐश्वर्या घर छोड़कर चली गईं। उनका तलाक का मामला अभी भी कोर्ट में चल रहा है।

## देश में बढ़ता जा रहा कोरोना का खतरा

# पिछले एक हफ्ते में देश में 752 नए केस आए, दिल्ली में आंकड़ा '100 के करीब'

### सात दिन में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> ■ भारत में दो वैरिएंट्स एनबी. 1.8.1 और एलएफ. 7 के कारण केस बढ़े

देश में कोरोना के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बीते एक हफ्ते में देश में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 305 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी। चिंता की बात यह है कि बीते सात दिनों में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सात दर्ज किया गया है।



मरने वालों महाराष्ट्र के चार, केरल के दो और कर्नाटक का एक शख्स शामिल है। नए मामलों की बात करें तो बीते एक हफ्ते में (19 मई के बाद) सबसे ज्यादा 335 मामले केरल, 153 महाराष्ट्र, 99 दिल्ली, 76 गुजरात और 34 कर्नाटक में आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, 26 मई को सुबह 8:00 बजे देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 1009 है। कुल केसों की बात करें तो केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा 403 मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई में 209 और दिल्ली में अब तक 104 मामले दर्ज किए गए हैं। इन शहरों के बाद गुजरात का नंबर आता है, जहां 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 और पश्चिम बंगाल में 12 मामले दर्ज किए गए हैं।

## राज्यसभा की आठ सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 19 जून को

**नई दिल्ली (भाषा)।** असम से दो और तमिलनाडु से छह राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल जून और जुलाई में समाप्त होने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने इन सीट के लिए 19 जून को द्विवार्षिक चुनाव कराने की सोमवार को घोषणा की। तय परंपरा के अनुसार, मतगणना 19 जून की शाम को ही होगी। असम से राज्यसभा सदस्य वीरेंद्र प्रसाद वैश्य (भारतीय जनता पार्टी) और मिशन रंजन दास (भाजपा) का कार्यकाल 14 जून को समाप्त हो रहा है। इसी तरह, अंबुमणि रामदास (पट्टाली मक्कल काची), एन चंद्रशेखरन (आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम), एम षणमुगम (द्रविड़ मुनेत्र कषगम), पी विल्सन (द्रमुक) और वाइको (मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम) समेत तमिलनाडु से राज्यसभा के छह सदस्यों का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि द्विवार्षिक चुनाव के लिए अधिसूचना दो जून को जारी की जाएगी।

## गृहमंत्री शाह ने 'स्वस्ति निवास' की आधारशिला रखी, बोले

# केंद्र ने देश के स्वास्थ्य परिदृश्य को बदल दिया

**नागपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को व्यापक पैमाने पर बढ़ावा मिला है। मोदी सरकार ने देश के स्वास्थ्य परिदृश्य को बदल दिया है। शाह ने यहां राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) में कैंसर रोगियों और उनके तीमारदारों के लिए आवासीय सुविधा 'स्वस्ति निवास' की आधारशिला रखने के बाद स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के प्रयासों में सहायता के लिए निजी क्षेत्र की भी सराहना की। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के शासन में स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट 1.35 लाख करोड़ है, जबकि मनमोहन सिंह सरकार के समय यह 37,000 करोड़ था।

### नागपुर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में कैंसर रोगियों को और सुविधाएं मिलेंगी



### मोदी सरकार में मुफ्त इलाज की सीमा 25 लाख तक पहुंची

इस अवसर पर गृहमंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार के तहत 60 करोड़ गरीब लोगों को 5 लाख रुपए तक का इलाज निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। स्वतंत्रता के बाद जहां केवल सात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित किए गए थे, वहीं अब कुल 23 एम्स की स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों की सहायता के कारण मुफ्त इलाज की सीमा 25 लाख रुपए तक पहुंच गई है, जो देश की 60 प्रतिशत आबादी के लिए वरदान साबित हुई है।

### एमबीबीएस पीजी की संख्या बढ़ी

उन्होंने कहा कि 2014 तक देश में 387 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, जो अब 780 हो गए हैं। एमबीबीएस की संख्या 2014 में 51,000 से बढ़कर अब 1.18 लाख हो गई है। इस अवधि में पीजी सीट 31,000 सीट से बढ़कर 74,000 सीट हो गई हैं। योग दिवस, 'फिट इंडिया' और 'खेलो इंडिया' घरों में शौचालय की सुविधा और धुआं मुक्त रसोई के प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सभी प्रकार की सहायता का आश्वासन दिया है।

### कैंसर से लड़ने आज अच्छे संस्थान मौजूद

देश के प्रमुख कैंसर उपचार इकाइयों में से एक एनसीआई में समारोह में शाह ने कहा कि दुनिया में मुंह के कैंसर के मरीजों का सबसे बड़ा प्रतिशत भारत में है। उन्होंने कहा कि देश में हर 8 मिनट में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से एक महिला की मौत होती है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक कैंसर का इलाज असंभव माना जाता था, लेकिन पिछले 15 वर्षों में इस घातक बीमारी से लड़ने के लिए कई अच्छे संस्थान खुले हैं।

हरियाणा सरकार | DHBVN | UHBVN

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए

सरचार्ज माफी योजना - 2025

09.05.2025 तक का सरचार्ज माफ

योजना 11 नवम्बर, 2025 तक लागू रहेगी

| आवेदन योग्य उपभोक्ता | योजना के लाभ |
| --- | --- |
| घरेलू व कृषि उपभोक्ता | • 100 % सरचार्ज माफ। • एकमुश्त भुगतान करने पर बकाया बिल पर 10 % की छूट दी जाएगी। • घरेलू उपभोक्ता पूर्णमूल राशि 8 मासिक/ 4 द्विमासिक किस्तों में व कृषि उपभोक्ता 3 किस्तों (जो कि एक वर्ष में पूरी होंगी) में भी भुगतान कर सकते हैं। |
| सरकारी / नगर निगम / ग्राम पंचायत उपभोक्ता / State PSUs | • एकमुश्त भुगतान करने पर 100 % सरचार्ज माफ। |
| औद्योगिक व अन्य | • एकमुश्त भुगतान करने पर 50 % सरचार्ज माफ। |

ध्यान दें

• इस योजना का लाभ कनेक्टेड और डिस्कनेक्टेड दोनों तरह के उपभोक्ता उठा सकते हैं।
• योजना केवल उन्हीं उपभोक्ताओं के लिए मान्य होगी जो 31.08.2024 को निगम के डिफॉल्टर बने थे और 09.05.2025 तक डिफॉल्टर बने हुए हैं।
• उपभोक्ता जिनका बिल गलत आया हुआ है वो अपने बिल को ठीक करवा कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।
• उपभोक्ता जिनका केस किसी भी न्यायालय में लंबित है वे अपना केस वापिस लेकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए निगम की वेबसाइट uhbvn.org.in | dhbvn.org.in पर जाएं अथवा क्यू आर कोड स्कैन करें uhbvn dhbvn

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (हरियाणा सरकार का उपक्रम)
दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (हरियाणा सरकार का उपक्रम)

सेना ने बताई हमले नाकाम करने की कहानी

# आकाश मिसाइल ने मार गिराए कई पाकिस्तानी हथियार, दिखाई दुश्मन देश को उसकी औकात, नापाक इरादों को हवा में ही कर दिया बेअसर

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर

पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को एक मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से धूल चटाई। भारतीय सेना ने 7 से 10 मई के बीच पाकिस्तान की तरफ से किए गए कई एयर स्ट्राइक को नाकाम कर दिया और पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी। इस एयर डिफेंस सिस्टम के रडार, मिसाइल बैटरियों और रियल टाइम अटैक करने के मजबूत नेटवर्क की मदद से पाकिस्तान के नापाक इरादों को इंडियन आर्मी ने हवा में ही बेअसर कर दिया। दरअसल पाकिस्तान ने भारत में राजस्थान से लगती सीमा में 7 से 10 मई के बीच ड्रोन और मिसाइल अटैक किए, जिसे भारतीय सेना ने नेस्तनाबूत कर दिया। रक्षा मंत्रालय की विशेष ब्रीफिंग में तीनों सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भारतीय सेना की इस जांबाजी का विवरण दिया। साथ ही बताया कि कैसे रणनीतिक प्रयासों से सफलता पाई, कैसे भारत का एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव हुआ और किस तरह इस सिस्टम ने काम को बखूबी अंजाम दिया।



### पाकिस्तानी हमलों को किया नाकाम

सेना ने बताया कि जब पाकिस्तानी ड्रोन, लड़ाकू विमान और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों ने भारतीय हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने का प्रयास किया तो इस एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तानी हमलों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से किए गए हवाई हमलों को हवा में ही फेल कर दिया। जिससे एयरबेस, रडार पोस्ट, लॉजिस्टिक्स हब और आबादी इलाकों की सेफ सिक्योरिटी हुई। भारत के इस फोर लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम में लंबी दूरी के निगरानी रडार, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, आकाश मिसाइल प्रणाली और कम दूरी की एयर डिफेंस मिसाइल प्रणाली शामिल थीं, जिन्होंने पाकिस्तान को पुख्ता जवाब दिया।

### 50 किमी तक खतरों को रोका

*एयर डिफेंस सिस्टम के दूसरे लेयर को पॉइंट डिफेंस लेयर के रूप में जाना जाता है और यह महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा करता है। यह लेयर आकाश, स्पाइडर, समर, पिकोरा और ओसा-एके सहित कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल सिस्टमों से लैस है। इन सिस्टमों को 50 किलोमीटर तक की सीमा के भीतर आने वाले हवाई खतरों को रोकने के लिए बनाया गया है, जो रक्षात्मक कवर प्रदान करता है।*

### 'आकाशतीर' ने ड्रोन हमले किए बेअसर

*भारतीय सेना ने कहा कि भारत की स्वदेश निर्मित 'आकाशतीर' वायु रक्षा प्रणाली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। दुश्मन (पाकिस्तान) के मिसाइलों और ड्रोन की बौछार को इसने रोक दिया। पाकिस्तान ने भारतीय सेना और नागरिक क्षेत्रों पर जब हमला किया था तब आकाशतीर ने हर आने वाली मिसाइल (प्रक्षेपास्त्र) को रोक कर बेअसर कर दिया।*



### 'आकाशतीर' स्वचालित एयर डिफेंस कंट्रोल है

आकाशतीर स्वचालित एयर डिफेंस कंट्रोल और रिपोर्टिंग सिस्टम है, जो दुश्मन के विमानों, ड्रोन और मिसाइलों का पता लगाने, ट्रैक करने और उनसे निपटने में सक्षम है। आकाशतीर ने दिखा दिया कि वह दुनिया के किसी भी अस्त्र को अधिक तेजी से देखता है।

---


**खबर संक्षेप**

### भारत में सस्ता होगा मस्क का स्टारलिंक



**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू करने की तैयारी में है। इसके इंटरनेट प्लान की कीमत 850 रुपए प्रति माह से कम हो सकती है। लॉन्चिंग ऑफर के तहत यूजर्स को अनलिमिटेड डाटा भी मिल सकता है। स्टारलिंक को भारत में सेवाएं देने के लिए कुल 4% एजीआर शुल्क, प्रत्येक स्पेक्ट्रम ब्लॉक पर 3,500 रुपए वार्षिक शुल्क और 8% लाइसेंसिंग फीस का भुगतान भी करना होगा। कंपनी का लक्ष्य 1 करोड़ ग्राहक बनाना है।

### गाजा में इजराइली हमलों में 52 की मौत



**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइली हमलों में कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई। मारे गए लोगों में एक स्कूल में शरण लेने वाले 36 लोग भी शामिल हैं, जो हमले के वक्त सो रहे थे और हमले से उनके सामान में आग लग गई। सेना ने बताया कि उन्होंने स्कूल से साजिश रच रहे चरमपंथियों को निशाना बनाया। इजराइल ने हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त करने के बाद मार्च से सिलसिलेवार हमले शुरू किए हैं।

---

संसदीय समिति की बैठक में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद दी पाक को जानकारी अमेरिकी मध्यस्थता का सवाल ही नहीं उठता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर सोमवार को संसदीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सरकार ने सीमापार आतंकवाद को लेकर अपनी रणनीति साझा की, जिसमें कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संसद की सलाहकार समिति के साथ बैठक में बताया कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद का केंद्र थे। इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल पर चोट लगी है क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी।

उन्होंने बताया कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में भारत को वैश्विक स्तर पर समर्थन मिला है। वहीं पाकिस्तान को तीन देशों को छोड़कर- तुर्किये, अजरबैजान और चीन को छोड़कर किसी का समर्थन नहीं मिला। सरकार ने स्पष्ट किया कि 'भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर के अलावा किसी भी तरह की कोई बातचीत नहीं हुई, और वह भी हमलों के बाद ही हुई थी। पहले आतंकी ठिकानों पर हमला हुआ, फिर देश को सरकार की ओर से जानकारी दी गई। इसके बाद भारतीय सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने पाकिस्तानी डीजीएमओ से संपर्क किया। विदेश मंत्री ने कांग्रेस द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को बेईमानी और घटनाओं का गलत चित्रण बताया। 'ऑपरेशन सिंदूर' को तभी रोका गया जब पाकिस्तान के डीजीएमओ ने इसे रोकने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच अमेरिकी मध्यस्थता का कोई सवाल ही नहीं है।

तुर्किये, अजरबैजान और चीन छोड़कर दुनिया भारत के साथ

हमले के बाद ही भारत के डीजीएमओ ने पाकिस्तान से संपर्क किया

**कांग्रेस के आरोपों को सिरे से नकारा**



### कांग्रेस ने लगाए थे ये आरोप

*कांग्रेस सूत्रों ने दावा किया कि संसदीय समिति की बैठक में कांग्रेस ने पूछा कि भारत के साथ पाकिस्तान का नाम क्यों जोड़ा गया? लेकिन सरकार इस पर जवाब नहीं दे पाई। कांग्रेस ने आईएमएफ का मुद्दा भी उठाया और पूछा कि आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को कर्ज दिए जाने पर भारत तटस्थ क्यों रहा। कांग्रेस ने साथ ही पाकिस्तान और चीन के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग और रणनीतिक साझेदारी पर भी चिंता जाहिर की। कांग्रेस ने अमेरिका के विदेश मंत्री के उस बयान पर भी सवाल किया, जिसमें मार्को रुबियो ने दावा किया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच शांति समझौता कराया।*

### फिलहाल सिंधु जल समझौता स्थगित

*सिंधु जल समझौते को लेकर संसदीय समिति ने सरकार से पूछा कि क्या वह सिंधु जल समझौते का स्थगन बरकरार रखेगी या सिर्फ सरकार ने प्रतीकात्मक तौर पर यह कदम उठाया है। जयशंकर ने कहा कि इंजीनियरिंग तकनीक, जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियरों के पिघलने से जमीनी हालात में आए बदलावों के कारण संधि की शर्तों पर फिर से बातचीत करना जरूरी हो गया है। 1960 की संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि इसे सद्भावना और मित्रता की भावना के आधार पर तैयार किया गया है। लेकिन पाकिस्तान ने इन सभी सिद्धांतों को प्रभावी रूप से स्थगित कर दिया। फिलहाल सिंधु जल समझौता स्थगित है और भविष्य में जो भी कदम उठाया जाएगा, उसके बारे में संसद को जानकारी दे दी जाएगी।*

### आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चलेगी

विदेश मंत्रालय ने संसदीय समिति से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील की और बताया कि इसी के तहत सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर भेजे गए हैं। सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को लेकर सवाल किया, जिस पर सरकार ने बताया कि अमेरिका और अन्य देशों ने भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत की सलाह दी थी, लेकिन उन्हें बता दिया गया कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकतीं।



### मिसरी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रस्तुति दी

जयशंकर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर' और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति पर चर्चा की। इस संबंध में एक मजबूत और एकजुट संदेश भेजने के महत्व को रेखांकित किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बैठक में सांसदों के समक्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' पर एक प्रस्तुति दी, बाद में जयशंकर ने प्रश्नों के उत्तर दिए।

---

# समुद्री इतिहास का एक 'नया स्वर्णिम दिवस' कहलाएगा इस सप्ताह का गुरुवार...

## तारिणी पोत से दुनिया का चक्कर लगाकर गोवा पहुंचेंगी नौसेना की दो महिला अधिकारी, इस्तकबाल करेंगे राजनाथ सिंह

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

इस सप्ताह का गुरुवार यानी 29 मई 2025 की तारीख अब देश के समृद्ध समुद्री इतिहास में एक नए स्वर्णिम दिवस के रूप में दर्ज होने जा रही है। क्योंकि इसी दिन नाविका सागर परिक्रमा-2 के तहत अपनी पाल नौका आईएनएसवी तारिणी के जरिए दुनिया का चक्कर लगाकर नौसेना की दो जांबाज महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए और दिलना.के गोवा पहुंचेंगी और इनका स्वागत स्वयं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। यह वो बेहद महत्वपूर्ण पल होगा। जब पूरे आठ महीने के बाद दोनों महिलाएं हाथ में भारत का राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' थामे हुए स्वदेश की धरती पर अपना पहला कदम रखेंगी। जिससे हर देशवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा। नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि रक्षा मंत्री द्वारा गोवा में टीम तारिणी का स्वागत करने के पीछे की एक खास वजह उनके द्वारा इस साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर दोनों महिला अधिकारियों से वर्चुअल माध्यम से हुई बातचीत में किया गया वह वादा है।

### 2 अक्टूबर 2024 को शुरू की थी यात्रा

मधवाल ने कहा कि रक्षा मंत्री के साथ नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और नौसेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी गोवा में मौजूद रह सकते हैं। दोनों महिलाओं ने अपनी इस अति-साहसी, बेहद चुनौतीपूर्ण और जोखिम से भरी हुई समुद्री यात्रा की शुरुआत पिछले साल 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर पणजी के पास नौसेना महासागर नोड आईएनएसवी मंडोवी से की थी। नौसेनाध्यक्ष एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। तारिणी की महिला टीम की भारत वापसी की यात्रा की शुरुआत पिछले महीने अप्रैल के मध्य में दक्षिण-अफ्रीका के केपटाउन से हुई थी। उन्होंने कहा कि अपनी यात्रा के अंतिम पड़ाव के दौरान दोनों महिलाएं कुल 10 हजार 600 किलोमीटर की समुद्री दूरी तय कर केपटाउन से गोवा पहुंच रही हैं।

---

न्यूयॉर्क में गूंजेगी भारतीय संस्कृति की आवाज

# लिंकन सेंटर में पहली बार होगा नीता अंबानी के कल्चर वीकेंड का आयोजन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

12 से 14 सितंबर तक न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित लिंकन सेंटर में 'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी)' वीकेंड का आयोजन होगा। यह तीन दिन का सांस्कृतिक महोत्सव रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन और समाजसेवी नीता अंबानी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारतीय कला, संगीत, नृत्य, फैशन और हस्तशिल्प को वैश्विक मंच पर पेश करना है। यह आयोजन एनएमएसीसी का अंतरराष्ट्रीय डेब्यू होगा। 2023 में खोले गए इस सेंटर को एक बहुआयामी सांस्कृतिक हब के रूप में तैयार किया गया था।



### भारतीय पोशाकों की दिखेगी झलक

न्यूयॉर्क संस्करण की शुरुआत 'ग्रैंड स्वागत' से होगी, जो सिर्फ आमंत्रित मेहमानों के लिए होगा। इसमें डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा क्यूरेट किया गया स्वदेश फैशन शोकेस होगा, जिसमें भारत की विविधता भरी पोशाकों की झलक देखने को मिलेगी। मशहूर शेफ और मिशेलिन स्टार से सम्मानित विकास खन्ना द्वारा तैयार किया गया क्षेत्रीय भारतीय व्यंजन परोसा जाएगा।

---

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा कुवैत

# आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ डिप्टी पीएम ने जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ कुवैत सिटी

कुवैत ने आतंकवाद के खिलाफ भारत को अपना समर्थन दिया है। भाजपा के सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कुवैत के डिप्टी पीएम और कैबिनेट मामलों के राज्य मंत्री शेरिदा ए एस अल-मौशरजी से मुलाकात की। मौशारजी को पाकिस्तान से आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की हालिया कार्रवाइयों से अवगत कराया। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है, जिन्हें भारत ने पाकिस्तान की साजिशों और आतंकवाद के प्रति अपनी राय से अवगत कराने के लिए विश्व की 33 राजधानियों का दौरा करने का काम सौंपा है।

### ग्रैंड मास्क का दौरा किया



पांडा ने कहा कि कुवैत की प्रतिष्ठित 'ग्रैंड मॉस्क' का दौरा किया, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। मस्जिद के इतिहास के बारे में जानकर खुशी हुई।

### विश्व को बर्बर आतंकवाद के खिलाफ एक स्वर में बोलना चाहिए : रविशंकर प्रसाद

**पेरिस।** भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत शांति और सौहार्द चाहता है, लेकिन निर्दोष भारतीयों की जान की कीमत पर नहीं और जहां तक राज्य प्रायोजित बर्बर आतंकवाद का सवाल है, दुनिया को एक स्वर में बोलना चाहिए। प्रसाद की अगुवाई में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने पेरिस से छह देशों की यूरोप यात्रा शुरू की। नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल फ्रांस में अपनी यात्रा के प्रथम चरण के दौरान सीनेट और नेशनल असेंबली के सदस्यों, थिंक टैंक और भारतीय प्रवासियों के विभिन्न वर्गों के साथ विचार-विमर्श करेगा। प्रतिनिधिमंडल की फ्रांसीसी सांसदों के साथ भी बैठकें निर्धारित हैं।

---

# भाजपा नेता और कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण के खिलाफ पॉक्सो मामला बंद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के लिए सोमवार का दिन बड़ी राहत लेकर आया। पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार करते कर ली। इस रिपोर्ट में बृज भूषण शरण सिंह पर नाबालिग होने पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक पहलवान द्वारा दायर मामले को रद्द करने की मांग की गई थी। पुलिस ने साल 2023 में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गोमती मनोचा ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को मंजूर कर लिया। कोर्ट ने कहा, 'क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार की गई। एक अगस्त, 2023 को एक इन-चैंबर कार्यवाही के दौरान नाबालिग पहलवान ने न्यायाधीश को बताया कि वह दिल्ली पुलिस की जांच से संतुष्ट है और क्लोजर रिपोर्ट का विरोध नहीं करती। दिल्ली पुलिस ने 15 जून, 2023 को नाबालिग से संबंधित मामले को रद्द करने की मांग करते हुए क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी।

---

यूक्रेन पर मिसाइल अटैक से भड़के ट्रंप


# मैं पुतिन से नाराज हूं, वो सही नहीं कर रहे, बहुत से लोगों को मार रहे

एजेंसी ▶▶ न्यू जर्सी

रूस और यूक्रेन में युद्धविराम करवाने की कोशिश में लगे ट्रंप ने अब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर नाराजगी जाहिर की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को यूक्रेन पर रूस द्वारा लगातार की जा रही है बमबारी को गलत बताया और कहा कि मैं पुतिन से खुश नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि उनके साथ क्या हो गया है। वे बहुत से लोगों को मार रहे हैं। मैं इससे खुश नहीं हूं। ट्रंप ने रविवार को रात भर यूक्रेनी शहरों पर 367 ड्रोन और मिसाइलों के रूसी हमले की प्रतिक्रिया में ये बात कही।

### रूस ने 367 ड्रोन दागे, 13 की मौत





*शनिवार-रविवार की रात रूस ने यूक्रेन पर अभी तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इस हमले में कुल 367 ड्रोन और मिसाइल राजधानी कीव सहित कई यूक्रेनी शहरों , पर दागे गए। इन हमलों में 13 लोग मारे गए हैं और 60 से ज्यादा घायल हुए हैं, संपति का भी भारी नुकसान हुआ है। रूस ने यूक्रेनी शहरों पर विभिन्न प्रकार की 69 मिसाइलें और 298 ड्रोन से ताजा हमला किया है। मारे गए 13 लोगों में जीटोमीर इलाके के तीन बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर पोस्ट मैसेज में अमेरिका पर कटाक्ष करते हुए कहा, अमेरिका की चुप्पी और विश्व में अन्य देशों के शांत रहने से पुतिन का हौसला बढ़ रहा है। रूस का इस तरह का आतंकी हमला उस पर नए प्रतिबंध लगाने के लिए पर्याप्त है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25